दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा बुधवार 22 जनवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 509




## संक्षिप्त खबरें ।

### तेजस्वी ने सीएम नीतीश पर किया वार तो ढाल बने मंत्री अशोक चौधरी, बोले– भाषा का एक स्तर होना चाहिए

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने मंगलवार को सीएम नीतीश कुमार पर हो रहे बयानी हमलों का जवाब दिया. उन्होंने कहा कि भाषा का एक स्तर होना चाहिए. आज जो नेता विपक्ष में हैं वे कल सत्ता पक्ष में जाएंगे. इसलिए भाषा की मर्यादा को बनाकर रखना चाहिए. यह समझना चाहिए कि आने वाली पीढ़ी नेताओं के बारे में क्या सोचेगी. नेताओं के बीच कोई आपस की पारिवारिक लड़ाई नहीं होती है. इसलिए भाषा अच्छी होनी चाहिए। अशोक चौधरी ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा पिछले दिनों बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महिलाओं के कपड़ों पर की गई एक टिप्पणी से जुड़े सवाल पर राजद को आड़े हाथों लिया. उन्होंने सीएम नीतीश के बयान को गलत सन्दर्भ में पेश करने का तेजस्वी यादव पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बेगूसराय में सीएम नीतीश ने जीविका दीदियों से बात करते हुए यह बताया था कि 2005 से पहले महिलाओं का जीवनस्तर कैसा था. वहीं जीविका दीदी बनने के बाद कैसे उनके जीवन स्तर बदलाव आया. आज वे महिलाएं जीविका दीदी के रूप में अच्छा पहन रही हैं. अच्छा बोल रही हैं. प्रदेश के मुख्यमंत्री से गांव की एक महिला जिस तरह से बोलती हैं वह उनके बदलाव को दिखाता है. उनके बोलने का टोन उनमें आए बदलाव को दिखाता था. महिलाएं राज्य के सीएम से बेहतरीन हिंदी में बोलती हैं. यह सब बदलाव 2005 के बाद आया। कई नेताओं द्वारा अमर्यादित भाषा का उपयोग करने पर अशोक चौधरी ने कहा कि भाषा की परिमार्जिता कहीं नहीं कर रही गई है. उन्होंने लालू यादव की पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा, राजद उदंडों की पार्टी है. वे लोग 2005 के पहले इस प्रदेश में किस तरह का भाव रखते थे. कोई महिला शाम में कहीं जाने में अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करती थी. ये लोग लाठी पिलावन– लाठी घुमावन रैली कर करते थे. उनसे क्या उम्मीद करते हैं. जो लोग चरवाहा विद्यालय खोले वे इंजीनियर और मेडिकल कॉलेज खोलने वाले लोगों के विचार को क्या समझेंनगे।

# कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं पर जमकर बरसे राहुल और प्रियंका पार्टी मीटिंग में सुनाई खरी-खरी

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व इस बार गंभीर नजर आ रहा है, लेकिन स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं का रुख अभी भी ठंडा दिख रहा है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की तरफ से आक्रामक प्रचार अभियान की तैयारी के बावजूद, कांग्रेस के स्थानीय नेताओं की निष्क्रियता पर सवाल उठ रहे हैं।

हाल ही में कांग्रेस की एक ऑनलाइन मीटिंग में, जिसमें राहुल और प्रियंका ने दिल्ली के स्थानीय नेताओं से बात की, जिसमे ये सुस्ती, चर्चा का मुख्य विषय रही। सूत्रों के मुताबिक, राहुल और प्रियंका ने नेताओं की निष्क्रियता पर नाराज़गी जाहिर की। सवाल उठाया गया कि स्थानीय स्तर पर नेताओं और कार्यकर्ताओं का जोश क्यों नहीं दिख रहा? आखिर चुनाव प्रचार की पूरी जिम्मेदारी सिर्फ शीर्ष नेतृत्व पर क्यों छोड़ दी गई है? राहुल गांधी ने अपनी जनसभाओं की शुरुआत पहले सीलमपुर से की थी, लेकिन उसके बाद प्रचार अभियान धीमा पड़ गया। अब बुधवार, 22 जनवरी से उनकी रैलियां फिर से शुरू होने जा रही हैं। पहली जनसभा सदर बाजार में होगी, जहां कांग्रेस का फोकस मुस्लिम, दलित और ब्राह्मण वोटरों के मेलजोल पर है। अगले दिन, 23 जनवरी को मुस्तफाबाद में मुस्लिम बहुल इलाके में राहुल गांधी की सभा होगी। 24 जनवरी को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित मादीपुर सीट पर उनकी रैली रखी गई है। यहां बड़ी सिख आबादी भी रहती है, जिसे कांग्रेस अपने पक्ष में करना चाहती है।

मीटिंग के दौरान कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन और प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी मौजूद थे। शीर्ष नेतृत्व ने लोकल नेताओं से पूछा कि कांग्रेस का नैरेटिव बीजेपी और आम आदमी पार्टी के खिलाफ अब तक क्यों नहीं बन पाया है? उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कांग्रेस की पांच गारंटियों, खासतौर पर महिलाओं और युवाओं के लिए की गई घोषणाओं, को प्रभावी तरीके से जनता तक पहुंचाना होगा। हालांकि रणनीति तैयार है और राहुल–प्रियंका चुनावी मोर्चे पर उतर चुके हैं, लेकिन स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता चुनाव परिणामों पर भारी पड़ सकती है। क्या कांग्रेस इस चुनौती से उबर पाएगी, या फिर यह सुस्ती पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित होगी? आने वाले दिन इसका जवाब देंगे।

## मणिपुर, मेघालय व त्रिपुरा के स्थापना दिवस पर पीएम मोदी ने दी बधाई



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा के स्थापना दिवस पर इन राज्यों की जनता को बधाई दी। इस मौके पर पीएम मोदी ने देश के विकास में मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा के लोगों योगदान की प्रशंसा की। बता दें कि मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा आज अपना स्थापना दिवस मना रहे हैं। इन तीनों राज्यों को 21 जनवरी 1972 को पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ था। तीनों ही राज्य देश के पूर्वोत्तर में स्थित हैं और अपनी जीवंत संस्कृति, प्रेरक इतिहास के साथ–साथ प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाने जाते हैं।

**पीएम मोदी ने पर पोस्ट कर दी बधाईः** पीएम मोदी ने '' पर एक पोस्ट में मणिपुर की जनता को राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा, 'मणिपुर के लोगों को राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई। हमें भारत के विकास में मणिपुर के लोगों द्वारा निभाई गई भूमिका पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। मणिपुर की प्रगति के लिए मेरी शुभकामनाएं।' त्रिपुरा के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए मोदी ने कहा कि यह राज्य राष्ट्रीय प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा, 'यह अपनी समृद्ध संस्कृति और विरासत के लिए भी जाना जाता है। त्रिपुरा विकास की नई उंचाइयों को छूता रहे।'

### अमित शाह ने भी लोगों को दी बधाई

प्रधानमंत्री ने मेघालय के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर का यह राज्य अपनी प्राकृतिक सुंदरता और लोगों की मेहनती प्रवृत्ति के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा, 'आने वाले समय में राज्य के निरंतर विकास के लिए प्रार्थना करता हूं।' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा के स्थापना दिवस पर मंगलवार को इन राज्यों के लोगों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि ये राज्य प्रगति की राह पर चलते हुए सफलता की नई उंचाइयों को छुएंगे।

## दिल्ली चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी कर रहे मुख्यमंत्री योगी की रैली की मांग, शीर्ष नेतृत्व के पास लगा रहे हाजिरी

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिल्ली विधानसभा के चुनाव में सबसे अधिक मांग है। राज्य की सभी सत्तर विधानसभा सीटों के लिए होने वाले इस चुनाव में लगभग हर उम्मीदवार योगी की सभा व रैली चाहता है। इसके लिए नामांकन दाखिल कराने वाले नेता इस समय प्रदेश नेताओं के पास योगी की रैली के लिए हाजिरी लगा रहे हैं। पार्टी ने हाल ही में विधानसभा चुनाव के लिए अपने चालीस प्रमुख प्रचारक चुनाव मैदान में उतारे हैं, जिनमें योगी आदित्यनाथ का नाम भी शामिल है।

**विशेश टीम देख रही प्रमुख नेताओं के प्रचारः** प्रदेश स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जो कि खास प्रवास और प्रमुख प्रचारकों के कामकाज को देख रही है। उम्मीदवारों से आने वाले इन आग्रह को इस टीम को भेजा जा रहा है और केंद्रीय नेताओं से विस्तृत चर्चा के बाद सभाओं की सूची पर सहमति बनेगी।

पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली विधानसभा चुनाव में इसी सप्ताह से मुख्यमंत्री योगी की सभाओं व रैलियों का दौर शुरू होने की तैयारियां की जा रही हैं। योगी की सबसे अधिक मांग पश्चिमी उत्तर प्रदेश से सटी विधानसभाओं से आ रही हैं। इनमें पूर्वी और उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र की सीट शामिल है। इन क्षेत्रों में मुस्तफाबाद, घोंडा, शाहदरा, पटपड़गंज, आरके पुरम, पालम, बिजवासन और द्वारका जैसी अहम सीटें हैं। बताया जा रहा है कि पार्टी की तरफ से जिन सीटों का जिम्मा दिया गया है, उन सीटों में पटपड़गंज सीट भी शामिल हैं ।

### हिंदुत्व कार्ड खेल रही बीजेपी

हालांकि, चुनाव प्रचार शुरू होने से पहले ही दिल्ली में ऐसे कई पोस्टर बैनर भी नजर आए थे, जिससे विधानसभा सीटों पर हिंदुत्व कार्ड को भाजपा ने आगे बढ़ने की कोशिश की है। इन सीटों के चुनावी समीकरण भी कुछ इसी प्रकार के हैं और राजनीतिक दलों ने इसी अंदाज में उम्मीदवारों का चयन भी किया है।

## ओडिशा और छत्तीसगढ़ सीमा पर एनकाउंटर में 16 नक्सली ढेर, सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

**लोक तंत्र की आवाज़**



**रायपुर।** नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। ओडिशा–छत्तीसगढ़ सीमा पर मुठभेड़ में 16 नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। छत्तीसगढ़ पुलिस के मुताबिक, ये मुठभेड़ छत्तीसगढ़–ओडिशा सीमा पर गरियाबंद इलाके में हुई है। पुलिस ने बताया है कि नक्सलियों के साथ मुठभेड़ अभी भी जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है।

**लगातार जारी है ऑपरेशन :** छत्तीसगढ़–ओडिशा बॉर्डर पर नक्सलियों के खात्मे के लिए सुरक्षाबलों का अभियान 24 घंटे से ज्यादा समय से जारी है। इससे पहले सोमवार को मुठभेड़ हुई थी जिसमें महिला नक्सलियों की मौत हुई थी। वहीं, सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया था। इसके बाद सोमवार देर रात और मंगलवार सुबह मुठभेड़ हुई, जिसमें 16 नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। गरियाबंद मुठभेड़ के बाद अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद हो चुके हैं। मुठभेड़ वाले स्थल से एके 47, एसएलआर, इंसास और अन्य स्वचालित हथियार बरामद किये गये हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है। मारे गए नक्सलियों में 1 करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती भी शामिल है।

**अभियान में कौन–कौन शामिल?ः** सुरक्षाबलों को छत्तीसगढ़ के कुलारीघाट रिजर्व वन में बड़ी संख्या में नक्सलियों या माओवादियों की मौजूदगी के बारे में जानकारी मिली थी। ये इलाका ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के बॉर्डर से लगभग पांच किलोमीटर दूर स्थित है। इसके बाद 19 जनवरी को रात में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान शुरू किया था। जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों के खिलाफ जारी इस अभियान में छत्तीसगढ़ से जिला रिजर्व गार्ड, सीआरपीएफ और ओडिशा से एसओजी की संयुक्त टीम शामिल है।

**और बढ़ सकती है संख्या?**

सोमवार को अभियान के दौरान मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोलाबारूद और एक 'सेल्फ लोडिंग' राइफल मिली थी और बारूदी सुरंग का पता चला था। उन्होंने बताया कि मारे गए माओवादियों की संख्या बढ़ सकती है।

## बीजेपी-आप में सीधा मुकाबला या कांग्रेस बनाएगी त्रिकोणीय जंग

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में सोमवार को नाम वापसी की आखिरी तारीख बीत जाने के बाद अब चुनाव मैदान की तस्वीर साफ हो गई है। प्रदेश की 70 सीटों पर 719 उम्मीदवार मैदान में हैं। मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में बड़ा सवाल यही है कि पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा में सीधी टक्कर होगी या फिर कांग्रेस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में सफल होगी? दूसरा सवाल यह भी है कि कुछ सीटों पर चुनाव लड़ रहे बसपा और एआईएमआईएम किसको नुकसान पहुंचाएंगे? माना जा रहा है कि चुनाव परिणाम की दिशा तय करने में महिला मतदाताओं की अहम भूमिका होगी, इसलिए प्रमुख दलों का जोर महिलाओं का समर्थन हासिल करने पर है। आगामी पांच फरवरी को 1.55 करोड़ वोटर नई सरकार के लिए मतदान करेंगे, नतीजे आठ फरवरी को घोषित होंगे। नई दिल्ली विधानसभा सीट पर सर्वाधिक 23 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

**'रेवड़ियां' बांटने की होड़ :** विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी आप ही नहीं इस बार भाजपा और कांग्रेस दोनों 'रेवड़ियां' बांटने की होड़ में शामिल हैं। तीनों दलों ने महिलाओं से लेकर हर वर्ग के लिए मुफ्त की योजनाओं के वादे किए हैं। सत्ताधारी आप ने जब 2100 रुपये महिलाओं को देने की घोषणा की तो भाजपा और कांग्रेस ने भी 2,500– 2500 रुपये हर महीने गरीब महिलाओं को देने का वादा किया है। इसके अलावा भी कैश ट्रांस्फर या मुफ्त की घोषणाएं की गई हैं।

**भाजपा और कांग्रेस की चुनौती :** 1993 के बाद से भाजपा अब तक हुए सात में से एक भी चुनाव जीत नहीं पाई है। 2013 में भले ही सबसे बड़ी पार्टी के रूप में भाजपा उभरी, लेकिन सत्ता से दूर रही। दिल्ली में लगातार 15 साल सत्ता में रही कांग्रेस पिछले दो चुनाव में खाता भी नहीं खोल सकी। ऐसे में भाजपा के सामने सत्ता का सूखा खत्म करने तो कांग्रेस के सामने खोई जमीन वापस लेने की चुनौती है।

### भाजपा

1. दिल्ली में डबल इंजन सरकार से तेज होगा विकास कार्य
2. गरीब महिलाओं को हर माह 2500 रुपए, आयुष्मान योजना में 10 लाख तक मुफ्त इलाज
3. केजरीवाल सरकार में भ्रष्टाचार– शीशमहल और शराब घोटाला

### कांग्रेस

1. प्यारी दीदी योजना सहित कई गारंटी
2. शीला दीक्षित के दौर के विकास कार्य
3. भाजपा और आप में अंदरखाने सांठगांठ

### इन हॉट सीटों पर रहेगी नजर

- नई दिल्ली :अरविंद केजरीवाल–आप, प्रवेश वर्मा–भाजपा, संदीप दीक्षित–कांग्रेस
- कालकाजी : आतिशी– आप, रमेश बिधूड़ी–भाजपा, अलका लांबा– कांग्रेस
- जंगपुरा : मनीष सिसोदिया–आप, तरविंदर सिंह मारवाह– भाजपा, फरहाद सूरी– कांग्रेस
- मालवीय नगर : सोमनाथ भारती–आप, सतीश उपाध्याय–भाजपा, जितेंद्र कुमार– कांग्रेस
- करावल नगर : मनोज त्यागी–आप, कपिल मिश्रा–भाजपा, पीके मिश्रा–कांग्रेस
- 2020 विस चुनाव की स्थिति (कुल सीट–70)

## बिहार में कुछ बड़ा होने वाला है? सीएम नीतीश के बाद राजद ने खोल दिए मांझी के लिए दरवाजे

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना ।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए खेमे में प्रेशर पॉलिटिक्स देखने को मिल रही है. हाल ही में पूर्व केंद्रीय मंत्री और रालोजपा अध्यक्ष पशुपति पारस ने लालू यादव से मुलाकात की थी. अब केंद्रीय मंत्री और हम संरक्षक जीतन राम मांझी आंखे दिखाने में जुटे हुए हैं. मांझी ने स्पष्ट रूप से कहा कि एनडीए ने उनकी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) को कमजोर समझने की गलती की है. उन्होंने अपनी ताकत दिखाने का ऐलान कर दिया है. इस सबके बीच लालू यादव की पार्टी राजद ने मांझी के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं और उन्हें महागठबंधन में आने का ऑफर दिया है. इससे प्रदेश का सियासी पारा चढ़ गया है।

बता दें कि अभी तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बीजेपी से नाराज बताए जा रहे थे. नीतीश कुमार को अपने साथ लाने के लिए लालू यादव ने खुद पहल की थी, लेकिन बात नहीं बन सकी थी. अब राजद मांझी पर डोरे डाल रही है. राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने मांझी को लालू यूनिवर्सिटी का छात्र बताते हुए साथ आने का ऑफर दिया है. उन्होंने कहा कि जीतन राम मांझी एक अनुभवी नेता हैं. उन्हें भारतीय जनता पार्टी का चाल चरित्र पता होना चाहिए. मांझी जिस समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं, वह उन्हें कभी माफ नहीं करेगा. अपने केंद्रीय मंत्री बनने के लिए अपमान सह रहे हैं।

राजद प्रवक्ता ने आगे कहा कि आप कुर्सी को लात मारिए और जो लड़ाई तेजस्वी यादव दलित शोषित वंचित के लिए लड़ रहे हैं उसमें भाग लीजिए. उन्होंने कहा कि बीजेपी ने अपने सहयोगियों को ही तोड़ा और ठगा है. मांझी क्यों चक्कर में पड़े हुए हैं उनकी पार्टी को बीजेपी तोड़ देगी. वहीं इस पूरे मामले पर जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि 'हम' पार्टी की अनदेखी को लेकर उठ रहे सवाल बेबुनियाद हैं।

## महाकुंभः किन्नर अखाड़े में भारी संख्या में पहुंच रहे भक्त महामंडलेश्वर ने कहा-उम्मीद है समाज हमें स्वीकारेगा

**लोक तंत्र की आवाज़**



**प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ का भव्य आयोजन किया गया है। देश व दुनिया से श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। इस बीच किन्नर अखाड़े में भारी संख्या में श्रद्धालु आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। किन्नर वर्ग के लिए 10 साल पहले अखाड़ा पंजीकृत कराने के दौरान समुदाय को कड़े विरोध का सामना करना पड़ा था। लेकिन उनकी आशीर्वाद लेने पहुच रही श्रद्धालुओं की भीड़ ने उम्मीद जगाई है कि आखिरकार समाज उन्हें स्वीकार करेगा। बता दें कि किन्नर अखाड़े में 3 हजार से अधिक लोग रह रहे हैं और संगम में डुबकी लगा रहे हैं। इसमें से अधिकांश लोग वो हैं जिनके परिवार ने उन्हें छोड़ दिया था। न्यूज एजेंसी पीटीआई भाषा से बात करते हुए खुद की पहचान महिला के रूप में करने वालीं किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर पवित्रा नंदन गिरि ने कहा कि समाज ने हमेशा किन्नरों का तिरस्कार किया है।

**किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ने क्या कहा? :** उन्होंने कहा, 'हमें हमेशा से हीन भावना से देखा जाता रहा है। जब हमने अपने लिए अखाड़ा पंजीकृत कराना चाहा तो हमारे धर्म को लेकर सवाल उठाए गए थे। हमसे ये पूछा गया कि हमें इसकी आखिर क्या जरूरत है। तमाम विरोधों के बावजूद हमने 10 साल पहले अखाड़े को रजिस्टर कराया और हमारा यह पहला महाकुंभ है। बता दें कि अखाड़े ऐसी संस्थाएं हैं जो विशिष्ट आध्यात्मिक परंपराओं और प्रथाओं के तहत संतों को एक साथ लाती है।' गिरि ने कहा, आज हम भी संगम में डुबकी लगा सकते हैं, अन्य अखाड़ों की तरह शोभा यात्रा निकाल सकते हैं और अनुष्ठान कर सकते हैं। अखाड़े में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और हमारा आशीर्वाद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि समाज में हमें भी स्वीकार किया जाएगा। नर्सिंग में स्नातक तक की पढ़ाई कर चुकीं गिरी ने कहा कि कई ट्रांसजेंडर लोगों के साथ होता है।

## अमेरिका के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा, ट्रंप ने अपने 1500 समर्थकों को दे दिया क्षमादान

**लोक तंत्र की आवाज़**



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अमेरिका के संसद भवन परिसर यानी कि यूएस कैपिटल पर हमले के आरोपियों को क्षमादान दे दिया। अपने आदेश में ट्रंप ने कहा कि वह 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल पर हुए हमले के आरोपियों और अपने लगभग 1500 समर्थकों को क्षमादान दे रहे हैं। ट्रंप द्वारा यह कदम उठाया जाना पहले से तय माना जा रहा था क्योंकि उन्होंने अपने चुनावी कैंपेन में इसका जिक्र किया था। यूएस कैपिटल पर ट्रंप के समर्थकों के हमले में 100 से ज्यादा पुलिस अधिकारी घायल हो गए थे और शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता हस्तांतरण को लेकर आशंका पैदा हो गई थी।

**अमेरिका के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसाः** बता दें कि ट्रंप ने पदभार संभालने के पहले ही दिन अपनी व्यापक क्षमादान शक्तियों का उपयोग किया और इस प्रकार से अमेरिकी न्याय विभाग के इतिहास में किसी मामले से जुड़ी सबसे बड़ी जांच और अभियोजन को समाप्त कर दिया। यानी कि अमेरिकी न्याय विभाग के इतिहास में आज तक एक साथ इतने ज्यादा लोगों को क्षमादान नहीं दिया गया था। ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल को 6 जनवरी के प्रतिवादियों के खिलाफ दायर लगभग 450 मामलों को बंद करने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने 'व्हाइट हाउस' में वापसी से पहले ही कहा था कि वह 6 जनवरी के प्रतिवादियों के प्रत्येक मामले पर गौर करेंगे। वहीं, उपराष्ट्रपति जे. डी. वेंस ने कुछ दिन पहले ही कहा था कि दंगे के दौरान हुई हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को 'स्पष्ट रूप से' माफ नहीं किया जाना चाहिए। ट्रंप ने दंगाइयों को 'देशभक्त' करार दिया था कहा था कि न्याय विभाग ने उनके साथ गलत व्यवहार किया था।

## संक्षिप्त खबरें ।

### आईआईएम बोधगया कर रहा है 'हैप्पी पीरियड्स' कार्यक्रम के माध्यम से लड़कियों को शिक्षित

**गया।** आईआईएम बोधगया ने बोधगया के नजदीकी स्कूलों में युवा लड़कियों के लिए मेन्स्ट्रूअल जागरूकता सत्र किया आयोजित हुई है। यह कार्यक्रम संस्थान की सीएसआर समिति 'प्रगति' के चेयरपर्सन प्रो. सुरेश केजी, और प्रो. गार्गी रॉय के मार्गदर्शन में 12 सदस्यों द्वारा आयोजित किया गया है । इस पहल का उद्देश्य जागरूकता फैलाने के साथ ही यह सुनिश्चित करना रहा कि इसका प्रभाव अधिकतम युवा लड़कियों तक पहुंचे ।यह कार्यक्रम नाइन इंडिया के सहयोग से दो स्कूलों में चलाया गया है। प्रारंभिक सत्र रामपुर सरकारी स्कूल में सुबह 11:00 बजे लगभग 200 लड़कियों के साथ आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रगति सदस्यों द्वारा प्रस्तुत एक जानकारीपूर्ण नुक्कड़ नाटक से हुई, जिसमें मेन्स्ट्रूअल स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया गया है। आयोजन एक विस्तृत प्रस्तुति, प्रश्नोत्तरी, खेल और मेन्स्ट्रूअल चक्र के प्रबंधन पर चर्चा के साथ आगे बढ़ा है ।छात्रों में से एक, प्रज्ञा ने कहा, ''यह सत्र अच्छा और जानकारीपूर्ण था और हमें पीरियड्स के बारे में कई तथ्य सीखने को मिले हैं। अब हम बिना किसी झिझक के अपने माता-पिता और दोस्तों से इस बारे में बात करने के लिए प्रेरित होने के साथ ही उन्हें जागरूक भी कर पाएंगे। स्कूल के प्रिंसिपल मोहम्मद साहब उद्दीन ने इस पहल की सराहना की, जिसका उद्देश्य अक्सर सामाजिक वर्जित माने जाने वाले विषय पर खुली बातचीत को बढ़ावा देना है। उन्होंने युवा लड़कियों के लिए एक सहायक वातावरण के महत्व पर जोर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि वे स्वीकार्य और सुरक्षित महसूस करें ।दूसरा चरण दोपहर 2:00 बजे केंद्रीय विद्यालय नंबर 2, ओटीए में शुरू हुआ, जिसमें 300 युवा लड़कियां शामिल हुई है। पहले सत्र के जैसे ही इसमें भी प्रेजेंटेशन और सवाल जवाब सत्र शामिल था। जिसने युवा लड़कियों को खुलकर बोलने और अपनी गलतफहमियों और शंकाओं को दूर करने के लिए प्रेरित किया है। इसके अलावा, इसमें मेन्स्ट्रूअल चक्र के दौरान स्वच्छता और देखभाल के महत्व पर लड़कियों को शिक्षित करने वाला एक वृत्तचित्र वीडियो भी दिखाया गया है। सत्र का समापन नाइन इंडिया द्वारा प्रायोजित सैनिटरी पैड बाटने के साथ हुआ है। इस कार्यक्रम ने युवा लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा को ठोस समर्थन के साथ एकीकृत करने की पहल के प्रमाण के रूप में कार्य किया है। यह आयोजन समुदाय और सामाजिक कल्याण की सेवा के प्रति आईआईएम बोधगया की प्रतिबद्धता का प्रमाण रहा है।

### शराब मामले में एक गिरफ्तार

धर्मेंद्र कुमारशर्मा

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां पुलिस ने प्रखंड मुख्यालय के गांधी टोला में छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए पकरीबरावां के प्रभारी थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि गांधी टोला में छापेमारी कर रुदल मांझी को गिरफ्तार किया गया है। वह शराब के मामले में आरोपित था। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### नवादा : न्यू एरिया को हराकर ओहारी की टीम सेमी फाइनल में किया प्रवेश

**रोह(नवादा)।** सकरी नदी के हृदयस्थली में अवस्थित बुद्ध खेल स्टेडियम में तूफान क्रिकेट क्लब कुंजैला के तत्वाधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे क्वाटर फ़ाइनल में न्यू एरिया और ओहारी के बीच खेला गया। न्यू एरिया के कप्तान रिकु कुमार ने टीम टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। ओहारी की टीम ने कप्तान आदित्य कुमार के नेतृत्व में खेलते हुए सोलह ओवर में शानदार 155 रन बनाया। जवाब में खेलते हुए न्यू एरिया की टीम बारह ओवर में मात्र 88 रन ही बना सकी। और मैच को गँवा दिया। विजेता टीम के खिलाड़ी सरजूग कुमार को 24 रन और तीन विकेट लेते हुए शानदार प्रदर्शन करने के कारण मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शिक्षाविद सह समाजसेवी अविनाश कुमार निराला और टूर्नामेंट के संयोजक राजू पटेल के द्वारा दिया गया। एम्पायर के रूप में साकेत बिहारी और शिवम कुमार मैदान पर उपस्थित थे। जबकि कमेंट्री मुकेश पटेल, निरज कुमार सिंह, अशोक कुमार और सूरज सहनी बड़े ही रोचक ढंग से किया। स्कोरर की भूमिका पिंटू कुमार निभा रहे थे। इस मौके पर टूर्नामेंट के संयोजक राजू पटेल, राजीव कुमार, निरज कुमार, शिक्षक श्याम राज वर्मा, पंकज कुमार वर्मा आदि भी उपस्थित थे। जानकारी के लिए बता दें कि फ़ाइनल मुकाबला 26 जनवरी को खेला जाएगा।

### बांझपन शिविर में 120 पशुओं की हुई जांच,दी गई दवाईयां

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड की बाघीबरडीहा पंचायत की बहेरा गांव स्थित कुशवाहा भवन के समीप सोमवार को पशु बांझपन शिविर आयोजित कर करीब 120 से अधिक पशुओं की जांच एवं इलाज बाद दवा दी गई। शिविर का उद्घाटन नवादा जिला युवा जदयू के अध्यक्ष सह बाघीबरडीहा के मुखिया प्रतिनिधि सोनुराज महतो ने किया।इस दौरान वारिसलीगंज के प्रभारी पशु चिकित्सक सह भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी दोसुत के डा जय किशन कुमार,पकरीबरावां धमौल के भ्रमणशील पशु चिकित्सक डा प्रभात कुमार तथा पकरीबरावां बढ़ौना दे 4/18 न चिकित्सक डा अबधेश कुमार ने क कि पशुओं में बांझपन सबसे बड़ी समस्या है। जिसका निवारण संभव है। इस क्रम में शिविर में पहुंचे पशुपालकों के पशुओं की जांच उपरांत दवा दी गई। शिविर में पहुंचे दुधारु पशुओं का मुफ्त इलाज कर मुफ्त दवा दी गई।

# नवादाः जरूरतमंदों की सेवा, सहायता ही सर्वोपरि धर्मः डॉ अनुज सिंह

लोक तंत्र कीआवाज



**नवादा।** नारदीगंज प्रखंड के इचुआ ,करना अनारपुर पकरिया सहित 10 गांवों में कंबल का वितरण। कड़कड़ाते ठंड के बीच लक्ष्य एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट नवादा एवं मॉडर्न इंग्लिश स्कूल नवादा के संयुक्त तत्वावधान में जिले के प्रसिद्ध शिक्षाविद समाजसेवी डॉ अनुज सिंह ने जरूरतमंदों को कंबल वितरण कर मानवता की मिशाल प्रस्तुत की।संस्था के द्वारा केवल शहरी क्षेत्रों में ही नहीं बल्कि सुदूर गांवों में जरूरतमंद बड़े बुजुर्गों के बीच जाकर कंबल दिया जा रहा है। जिले के नारदीगंज प्रखंड के इचुआ करना पंचायत एवं पेश पंचायत के आसपास के विभिन्न गांवों के लगभग 1500 की संख्या में जरूरतमंद परिवारों के बड़े - बुजुर्गों,महिलाओं के बीच कंबल वितरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित रहे डॉ अनुज ने कहा कि हमारे इस छोटे से प्रयास से अगर किन्हीं को मदद मिलती है तो इस प्रयास से यह सिद्ध होता है कि मानवता से बड़ा कोई सेवा नहीं। ठंड में किसी जरूरतमंद को कंबल देना सिर्फ एक वस्तु प्रदान करना नहीं है बल्कि उन्हें जीने की नई उम्मीद देना है।मानव समाज में हमेशा सेवाभाव होना अति आवश्यक है। इससे समाज के अंदर फैली कुरीतियां समाप्त होती हैं। उन्होंने कहा कि ठंड बढ़ने के साथ जरूरतमंद बुजुर्गों एवं महिलाओं की मुश्किलें बढ़ जाती हैं और इसी कारण संस्था समय पर उनकी मदद के लिए सक्रिय है और प्रत्येक साल जाड़े के मौसम में कंबल वितरण किया जाता है। हमें मानवता को भूलना नहीं चाहिए। मानव समाज में सबसे कमजोर, गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची उपासना कहा गया है। वास्तव में सेवा भाव है, कर्म नहीं।इस तरह के कार्यक्रम से न केवल लोगों को ठंड से सुरक्षा मिलती है बल्कि समाज में आपसी सद्भाव की भावना भी मजबूत होती है। इस अवसर पर पसई के समाजसेवी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि इस ठंड में जरूरतमंद परिवारों के लिए यह कम्बल एक नई उम्मीद की किरण साबित हो रही है। यह कार्य न केवल समाज की मदद करता है बल्कि दिल को एक अलग सकुन भी देता है। इस कंबल वितरण कार्यक्रम में इचुआ करना, पकड़िया, भागो बीघा, सुल्तानपुर, अनारपुर आदि दर्जनों गांव के बड़े बुजुर्ग महिलाएं उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम में इचुआ करना पंचायत के सरपंच सीमा देवी, नारदीगंज प्रमुख प्रतिनिधि विनोद कुमार अकेला, समाजसेवी श्रवण कुमार वार्ड सदस्य दीपक कुमार,आर्यन राज राजेश कुमार,विपिन कुमार, दिलीप कुमार अरुण कुमार,सोनू कुमार,अनिरुद्ध कुमार, ईश कुमार, पचाढा. पंचायत के पूर्व मुखिया महेश कुमार ,संजय कुमार, मनोज कुमार उपस्थित रहे।भयंकर ठंड में कंबल प्राप्त करके सभी लाभार्थियों ने अपने आशीर्वादों से भर दिया एवं इस कृपा के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# आहर में डूबने से वृद्ध महिला की हुई मौत



लोकतंत्र की आवाज

- **परिजनों ने शव का पोस्टामार्टम कराने से किया इंकार**

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के बाघीबरडीहा गांव स्थित पिपरा घाट पोखर में डूबने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। सोमवार की सुबह शौच के लिए ग्रामीणों की नजर आहर में तैरता शव पर पड़ी। आहर में महिला की शव होने की खबर गांव में आग की तरह फैल गया। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण वहां पहुंच गए और शव की पहचान बाघीबरडीहा गांव निवासी स्व नरेश की 65 वर्षीय पत्नी मरनी देवी के रूप की गई। सरपंच फुलमंती देवी ने घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी। सूचना बाद थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की तहकीकात करते हुए एफएसएल टीम को घटनास्थल पर बुलाया। तत्पश्चात थानाध्यक्ष तथा एफएसएल की टीम ने मामले की जांच पड़ताल कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने की तैयारी कर ही रहे थे, तभी परिजन और ग्रामीण शव का पोस्टमार्ट्रम नहीं कराने का आग्रह किया। उसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों के आग्रह को स्वीकार करते हुए लिखित आवेदन लेकर शव को बगैर पासेटमार्टम कराए परिजन को सौप दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका इधर-उधर घुम-घुमकर मांग-चांग कर खाती थी और रात्रि में उसी स्थान पर रहे गायत्री मंदिर में सो जाती थी। वहीं सरपंच ने बताया कि शायद महिला शौच बाद आहर में पैर-हाथ धोने के क्रम में फिसलकर आहर में चली गई,जिससे उसकी मौत हो गई।

# पकरीबरावा : 9वीं की छात्रा के साथ छेड़खानी, जांच में जुटी पुलिस

लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के एक विद्यालय की 9वीं की छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। आरोप विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार पर लगा है। पीड़िता ने बताया कि सोमवार को दोपहर बाद हेड सर ऑफिस में बुलाए और दोनों हाथ पकड़कर छेड़खानी करने लगे। विद्यालय में छुट्टी होने के बाद पीड़िता की सहेली ने घटना की जानकारी पीड़िता के घरवालों को दी। मंगलवार को विद्यालय खुलते ही घरवाले ग्रामीणों के साथ विद्यालय पहुंचें एवं आरोपी प्रधानाध्यापक को ढूंढने लगे। इस बीच ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। मामले की भनक लगते ही प्रधानाध्यापक विद्यालय पहुंचने से पहले ही निकल लिए।छात्रा से छेड़खानी की सूचना मिलते ही डायल 112 सहित पकरीबरावां थाने की पुलिस विद्यालय पहुंची। प्रभारी थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने छात्रा एवं अभिभावक से इस संबंध में पूछताछ की।जानकारी मिलते ही पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी भी विद्यालय पहुंचे एवं घटना की जानकारी ली। साथ ही पूछताछ के लिए पीड़िता को थाना लाया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सोमवार को छुट्टी के टाइम हेड सर विजय कुमार ने जबरन उसे ऑफिस में बुलाया और दोनों हाथ पकड़कर छेड़खानी करने लगे। किसी तरह उसने खुद को बचाया। पहले तो वह डर कर घरवालों को यह बता नहीं बताई। बाद में सहेली द्वारा बताए जाने के बाद पूरी जानकारी घर वालों को दी।इधर, पुलिस ने आरोपी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# नवादा में तेज रफ्तार वाहन ने चौकीदार को रौंदा ,इलाज के दौरान मौत

लोक तंत्र कीआवाज



- **सदर अस्पताल में नहीं मिली दवा, दवाई के लिए खाक छानते रह गए परिजन**

सुनील कुमार

**नवादा।** नवादा में अज्ञात तेज रफ्तार वाहन के चपेट में एक चौकीदार आ गया , जिससे वे बुरी तरह जख्मी हो गया। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया ,जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गयी . परिजनों ने कहा सरकारी सदर अस्पताल में बेहतर इलाज की व्यवस्था नहीं रहने के कारण जान चली गई है। बताया कि जख्मी का इलाज के दौरान नवादा सदर अस्पताल के डॉक्टर ने एक दवा लाने को कहा, लेकिन पूरे नवादा के केमिस्ट दुकानों का खाक छानते रह पर नहीं मिली दवाई और अंततः मौत हो गयी । बता दें कि नवादा जिले के रोह प्रखंड के रूपौ गांव में एक दर्दनाक घटना हुई है। घटना रविवार की रात्रि में उस वक्त हुई, जब ड्यूटी पर जा रहे 55 वर्षीय चौकीदार बनवारी पासवान पिता स्व.तेतर पासवान को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बनवारी को पहले रोह अस्पताल और फिर नवादा रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के साले विनय पासवान ने आरोप लगाया है कि नवादा अस्पताल में डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवा रात में कहीं भी उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण उनके जीजा की जान चली गई। उन्होंने कहा डॉक्टर ने ट्रायपिल दवा लिखी थी, लेकिन पूरे नवादा में कोई मेडिकल दुकान खुली नहीं थी। सरकारी अस्पताल में भी दवा की कमी थी। विनय पासवान ने यह भी कहा कि नवादा में रात में दवा मिलना बहुत मुश्किल है, क्योंकि रात में अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद रहते हैं। इस समस्या के कारण कई बार लोगों की जान चली जाती है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। चौकीदार को ड्यूटी जाने के क्रम में अज्ञात वाहन से दुर्घटना हो गया ,जिसका इलाज के क्रम में सदर अस्पताल नवादा में मौत हो गया है ।शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। किस वाहन से दुर्घटना हुई पता नहीं चल सका है। पुलिस अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

# नवादा : जन सुराज का ज़िला संगठन की घोषणा , जिला परिषद सदस्य रंजीत कुमार चुन्नू बने जिलाध्यक्ष

लोक तंत्र की आवाज




सुनील कुमार

**नवादा।** नवादा के आर.एल. होटल में मंगलवार को एक बैठक की गयी,जिसमें जन सुराज मुंगेर के ज़िला प्रभारी प्रणव कुमार के संरक्षण में ज़िला पदाधिकारियों की घोषणा की गई। बैठक के दौरान ज़िले में जन सुराज के जिलाध्यक्ष के पद पर हिसुआ प्रखंड से रंजीत कुमार, संगठन महासचिव के पद पर नवादा प्रखंड के अरविंद प्रसाद, मुख्य प्रवक्ता के रूप में प्रखंड नरहट के ग़ुलाम मुस्तफा, महिला जिला अध्यक्ष के पद पर नवादा नगर परिषद की गायत्री देवी, ज़िला युवा अध्यक्ष के पद पर पकरीबरावां के अनिल कुमार और किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के रूप में नवादा प्रखंड के मनोज कुमार को नियुक्त किया गया है। जिला अभियान समिति के संयोजक के रूप में सुर्यदेव प्रसाद को नियुक्त किया गया है। वहीं संरक्षक समिति में राम स्वरूप यादव, अशोक कुमार सिंह, युगल किशोर राम, राजकिशोर दास और जहीर अनवर को शामिल किया गया है। इसी के साथ 15 ज़िला उपाध्यक्ष और 15 सचिव बनाए गए, जो विभिन्न प्रखंडों से आते हैं और उनकी ज़िम्मेदारी सुनिश्चित की गई। तथा नवादा जिला में साथ ही दोनों अनुमंडल का भी संगठन घोषित किया गया। नवादा अनुमंडल की जिम्मेदारी कावाकोले प्रखंड के सुरेंद्र यादव जी को दी गयी। तथा महिला अध्यक्ष शाहपुर पंचायत की मुखिया रंजना देवी जी , एवं युवा अध्यक्ष कुटरी पंचायत के अभिनव आनंद जी को बनाया गया है। साथ ही रजौली अनुमंडल की जिम्मेदारी पूर्व जिला परिषद नरेश चौधरी जी को दी गयी, तथा महिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी गीता देवी, एवं युवा अध्यक्ष नसीमुद्दीन उर्फ गुड्डू जी को दी गयी है। साथ ही नवादा नगर परिषद की कार्यकारी समिति का भी गठन किया गया, जिसमे नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी मो. जुबैर आलम को तथा ललन शर्मा जी को युवा अध्यक्ष तथा रानी पांडे जी को नगर महिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार (जन सुराज विचार मंच, ज़िला समन्वयक) ने किया। मुंगेर के ज़िला प्रभारी प्रणव कुमार ने कहा कि यदि सभी लोग व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ सामूहिक प्रयास करेंगे, तो जन सुराज की अलख पूरे बिहार में जलेगी।

# दुसाध महासंघ संगठन को वार्ड स्तर पर विस्तार करके ही समाज को न्याय दिलवाया जा सकताः अशौक भारती

लोकतंत्र की आवाज़




**गया।** मंगलवार को बुद्ध की धरती गया में अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद और अंतर्राष्ट्रीय दुसाध महासंघ के संयुक्त बैनर तले मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया है । जहां बिहार के कोने कोने से परिषद के कार्यकर्ता शिक्षाविद, इंजीनियर, डॉक्टर, बैंकर और समाजसेवीयो का बड़ा जमावड़ा लगा है ।इस कार्यक्रम में कई ज्वलंत मुद्दे पर चर्चा हुई है ।इस कार्यक्रम के आयोजक ई हेमंत कुमार ने का इस बार के विधानसभा चुनाव 15 से 20 युवाओं को उतरेंगे।युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ई संजय माही ने कहा की देश को सकारात्मक दिशा में ले जाना हैं तो युवा ही कर सकते हैं संगठन के सचिव अशोक भारती ने कहा की संगठन को वार्ड स्तर पर विस्तार करके ही समाज को न्याय दिलवाया जा सकता हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक अजय पासवान,मुंद्रिका पासवान,डॉक्टर प्रसाद पासवान,रीता पासवान, रामप्रवेश पासवान जादूगर , गौतम कुमार, अरुण पासवान, जीतेन्द्र पासवान जद्दू पासवान बिनोद पासवान,मोहन पासवान,बिन्देश्वर पासवान, कमलेश पासवान, कृष्ण कुमार ज्योति,अभिराम पासवान, घनश्याम पासवान, केदार पासवान, कर्तव्य ज्योति, रामानंद पासवान, अजित कुमार, प्रमोद कुमार, बबन पासवान राजामोहन पासवान, नागेश कुमार, अर्चना पासवान, नंदिता पासवान,धर्मेंद्र कुमार,सहित समाज के गन्यमान्य लोग उपस्थित हुए,मंच का संचालन विपिन पासवान ने किया धन्यवाद ज्ञापन इंजिनियर संजय माहि के द्वारा किया गया है।

# हरला गांव में दूसरे समुदाय के लोग कर रहे दलितों को प्रताड़ित, दलितों ने एससी/एसटी थाना में दर्ज कराया प्राथमिकी

लोक तंत्र कीआवाज

सुनील कुमार

**नवादा।** नवादा के एक गांव में दो समुदाय के बीच आपसी मतभेद है ,जिसको लेकर दोनों समुदाय के लोगों में तनातनी बनी हुई है . हालांकि पूर्व में भी रास्ते से लाश ले जाने को लेकर विवाद हुआ था ,तब नवादा पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी टीम के साथ पहुंचकर मामले को शांत कराया और दोनों समुदाय के लोगों को समझा दिया गया. मंगलवार को दर्जनों महादलित महिला एवं पुरुष एससी /एसटी थाना नवादा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराया है। यह घटना जिले के मेसकौर प्रखंड अंतर्गत हरला ग्राम का है ,जहां मुस्लिम और हिन्दू (महादलित) समुदाय के लोग रहते हैं । ग्रामीण पवन कुमार ने बताया कि हमारा गांव में मुस्लिम जाति की बहुलता है , जहां मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा हमेशा प्रताडना ,मारपीट व महिलाओं और छात्राओं के साथ छेड़छाड़ किया जाता है ,जिससे हमलोग परेशान हैं। इनके आजिज और गलत रवैए से हम महादलित परिवार गांव छोड़ने पर विवश हैं। अगर जिला प्रशासन एक्शन नहीं लेंगे ,तो हमलोगों के साथ कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है .पूर्व में मस्जिद के पास के रास्ते से की विवाद को जिले के पुलिस टीम पहुंचकर शांत कराया गया था ,लेकिन अब दिन -प्रतिदिन इनलोगों के गलत रवैये से हमलोग परेशान हैं .राह



चलते लोगों के साथ बेवजह मारपीट ,महिलाओं के साथ छेड़छाड़ ,छात्राओं के साथ गलत रवैये दिखाते हुए फब्तियां कसना और युवाओं और लड़कों के साथ मारपीट किया जाता है। नवादा के एससी /एसटी थाना में सुरेश मांझी ,श्रवण मांझी , पुरुषोत्तम कुमार ,मुरारी कुमार ,पवन कुमार ,सुनीता देवी ,सोनामनि देवी ,रूबी देवी ,रूपा कुमारी , राजामंती देवी सहित दर्जनों महिला और पुरुष पहुंचकर आपबीती सुनाते हुए लिखित रूप से आवेदन दिया गया है। आवेदन में अजीम खां पिता शेखावत खां ,रुस्तम खां पिता अजीम खां ,क़ासिम खां पिता अजीम खां ,शाकिर खां पिता सादिक खां ,साबिर खां पिता सादिक खां ,मुन्ना खां पिता इस्ताफ़ खां ,बबलू खां पिता इस्ताफ़ खां ,इकरामुल खां पिता अब्दुल शकूर खां ,जमाल खां पिता इमामन खां ,तौकीर खां पिता शमीम खां ,नौशाद खां पिता मुश्ताक खां ,मुख्तार खां पिता इमामन खां ,खुर्शीद खां पिता अशरफ अली खां ,शौकत खां पिता चंदू खां ,डाक खां पिता जावेद खां ,सलीम खां पिता सुभान खां ,तौकीर खां पिता सलीम खां ,आसिफ खां पिता इमामन खां के विरुद्ध आवेदन देकर कार्रवाई का मांग किया है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार युवती की दर्दनाक मौत, दो अन्य घायल

लोक तंत्र कीआवाज

**कौआकोल(नवादा):कौआकोल।** पकरीबरावां मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र अंतर्गत कदहर नहर मोड़ से कुछ दूरी पर सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार एक युवती की मौत हो गई। वहीं दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कौआकोल कोनी पर निवासी स्वर्गीय बालेश्वर पासवान के पुत्र प्रभाकर कुमार अपाची वाहन से बिझो गांव निवासी यमुना महतो के पुत्र अजित कुमार एवं अंदेश प्रसाद महतो की 20 वर्षीय पुत्री रेशमी कुमारी के साथ स्नातक द्वितीय खण्ड की परीक्षा देने वारिसलीगंज जा रहे थे। तभी कदहर नहर मोड़ से कुछ दूर आगे एक स्कूली



बस से टक्कर हो गई। जिससे बाइक पर सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में इसकी सूचना 112 नम्बर की गश्ती टीम को दिया गया। गश्ती वाहन के द्वारा गंभीर रूप से घायल तीनों को कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही रेशमा कुमारी ने दम तोड़ दिया। वहीं अजीत कुमार की हालत नाजुक बनीं हुई है। जबकि प्रभाकर की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मृतक युवती अजीत की रिश्ते में भतीजी बताई जाती है। मृतक के स्वजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवती की शादी जून 2024 में धनगांवां में हुई थी। मृतक के गर्भवती रहने की भी बात बताई जा रही है। इधर घटना के बाद मृतक के गांव में शोक की लहर दौड़ गई। एवं स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# संक्षिप्त खबरें ।


## संशोधन विधेयक पर लखनऊ में जेपीसी करेगी मंथन... अपना पक्ष रखेंगे मुस्लिम संगठन व वक्फ बोर्ड




**सतीश**

**लखनऊ।** संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) मंगलवार को लखनऊ में मुस्लिम वर्ग के प्रबुद्धजनों और संगठनों के साथ वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम 2024 विधेयक पर चर्चा करेगी। बैठक में शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड और सुन्नी वक्फ बोर्ड भी अपने पक्ष रखेंगे। जेपीसी का उद्देश्य सभी वर्गों के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए विधेयक पर व्यापक चर्चा करना इस बैठक में शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड और सुन्नी वक्फ बोर्ड भी अपने-अपने पक्ष रखेंगे। जेपीसी की अध्यक्षता सांसद जगदम्बिका पाल कर रहे हैं और यह समिति देशभर में जाकर मुस्लिम समाज के लोगों से सुझाव ले रही है। यह बैठक जेपीसी का लखनऊ में दूसरा दौरा है। इससे पहले अगस्त 2024 में भी समिति ने लखनऊ में मुस्लिम संगठनों से वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पर उनके विचार पूछे थे।

## उत्तराखंड गोकशी करने वालों पर हरिद्वार पुलिस की ताबड़तोड कार्यवाही लगातार है जारी



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**जनपद।** हरिद्वार, गुप्त सूचना पर अली नवाज के घर पर पड़ा छापा गौमांस की कांटछांट कर रहे मुकरर्म को दबोच 01 गोवंशीय पशु सकुशल बचाया मौके से गोमांस, गोकशी के उपकरण व इलैक्ट्रोनिक तराजू भी बरामद कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा गौकशी एवं गोवंश तस्करी करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के संबंध में दिए गए निर्देश पर झबरेड़ा पुलिस ने गुप्त सूचना पर पाडली गेंदा गांव स्थित अली नवाज के घर में औचक छापेमारी की छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने गोमांस की कांट झांट कर रहे मुकरर्म को मौके से दबोचकर एक जीवित गोवंश पशु सहित करीब 60 कि०ग्रा० गोमांस, गोकशी के उपकरण, इलैक्ट्रोनिक तराजू व प्लास्टिक की पन्नियां बरामद की पुलिस छापेमारी की आहट भांप मौके से फरार गृहस्वामी अली नवाज की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गयी व बरामद गोमांस को अम्लीय छिड़काव कर मिट्टी में दबाया गया दर्ज किए गए मुकदमें में नामजद दोनों आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी अलग अलग थानों में गोकशी के अपराध में अभियोग पंजीकृत हैं पकड़ा गया आरोपित – मुकरर्म पुत्र जमशेद निवासी ग्राम पाडली गेंदा थाना झबरेडा हरिद्वार

## श्रद्धालुगण की सुविधा के लिए हरिद्वार पुलिस की कसरत




**रिपोर्ट रोहित कुमार**

उत्तराखंड जनपद हरिद्वार कप्तान के निर्देश पर साइन बोर्ड किए गए स्थापित यात्रियों को मिलेगी विभिन्न स्थानों और पार्किंग की सुलभ जानकारी एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा दिए गए निर्देश पर काम करते हुए यातायात पुलिस हरिद्वार द्वारा हरिद्वार भ्रमण हेतु आने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा हेतु शहर क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर साइन बोर्ड स्थापित किए गए। लगाए गए साइन बोर्डो के माध्यम से श्रद्धालुगण को आसानी ने विभिन्न स्थानों, पार्किंग स्थलों एवं रेलवे स्टेशनबस अड्डे की जानकारी मिल पाएगी।

# शामली में एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मुस्तफा कग्गा गैंग का कुख्यात सदस्य अरशद समेत चार अपराधी मारे गए

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट महताब अहमद**

शामली, 21 जनवरी 2025 बीती रात 20-21 जनवरी की मध्य रात्रि में जनपद शामली के झिंझाना थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश एसटीएफ (मेरठ टीम) और कुख्यात मुस्तफा कग्गा गैंग के सदस्यों के बीच हुई मुठभेड़ में गैंग का प्रमुख सदस्य अरशद समेत चार अपराधी मारे गए। मुठभेड़ में अरशद के साथ मंजीत, सतीश और एक अज्ञात साथी भी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि अरशद पर ₹1 लाख का इनाम घोषित था और वह सहारनपुर के बेहट थाने में दर्ज डकैती के एक मामले में वांछित था।अरशद पुत्र जमील, निवासी बड़ी माजरा, थाना गंगोह, सहारनपुर, पर डकैती, हत्या और लूट जैसे संगीन अपराधों के करीब 17 मामले दर्ज थे। वह लंबे समय से पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। सहारनपुर और आस-पास के जिलों में उसकी सक्रियता ने पुलिस को चुनौती दी थी। उसके खिलाफ सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर और हरियाणा के पनपत में विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज थे, जिनमें 302 (हत्या), 395 (डकैती), 397 (आर्म्ड डकैती), और गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर अपराध शामिल थे।एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि अरशद अपने साथियों के साथ झिंझाना थाना क्षेत्र से गुजरने वाला



है। पुलिस ने घेराबंदी की और उन्हें रोकने की कोशिश की। अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला। करीब आधे घंटे तक चली इस मुठभेड़ में अरशद और उसके तीन साथी घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ टीम का नेतृत्व कर रहे इंस्पेक्टर सुनील को कई गोलियां लगीं। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें पहले करनाल के अमृतधारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन बाद में बेहतर इलाज के लिए गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल रेफर कर दिया गया। अरशद पर सहारनपुर, शामली और अन्य जिलों में 17 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज थे। अरशद का नाम कई जिलों के अपराध रिकॉर्ड में सबसे ऊपर था। एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि अरशद जैसे खतरनाक अपराधी का खात्मा कानून व्यवस्था को बनाए रखने की दिशा में एक बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि यह मुठभेड़ उत्तर प्रदेश सरकार की अपराध मुक्त प्रदेश बनाने की नीति का हिस्सा है।अरशद की मौत के साथ ही मुस्तफा कग्गा गैंग को एक बड़ा झटका लगा है। पुलिस अब अन्य वांछित अपराधियों की तलाश में जुट गई है।

## जनवरी में सबसे गर्म रहा सोमवार का दिन, अब कोहरा बढ़ाएगा परेशानी; पढ़ें लेटेस्ट अपडेट



लोक तंत्र की आवाज

**रत्ना**

**लखनऊ।** जनवरी में सोमवार का दिन सबसे गर्म रहा। वर्ष 2021 के बाद इस महीने में इसे सबसे गर्म दिन रिकार्ड किया गया। 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज पछुआ हवाओं के बावजूद राजधानी में अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 23 जनवरी तक मौसम में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज पछुआ हवाओं के बावजूद राजधानी में अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।मौसम विभाग के अनुसार आगामी 23 जनवरी तक मौसम में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन 24 जनवरी से कोहरे में बढ़ोतरी से तापमान में गिरावट हो सकती है। सोमवार को लखनऊ के अधिकतम तापमान में 5.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी रही, जबकि न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री बढ़कर 11.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मंगलवार को अधिकतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं है।

**सबसे गर्म रहा सोमवार का दिनः** आंचलिक विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी डा. अतुल कुमार सिंह के अनुसार सोमवार को दिन में 40 किलोमीटर की रफ्तार से पछुआ हवा चलने से कोहरे में कमी रही, इससे वर्ष 2021 के बाद सोमवार का दिन जनवरी का सबसे गर्म दिन रिकार्ड किया गया।

## बलिया में निकाला जागरूकता रैली



लोकतंत्र की आवाज़

**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** गौरीशंकर राय कन्या महाविद्यालय (गौरीशंकरपुरम्), करनई, बलिया में रोड सेफ्टी क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मंगलवार को लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। जागरूकता रैली के माध्यम से सडक़ पर सुरक्षित चलने , यातायात नियमों का पालन करने हेतु छात्राओं को भी शपथ दिलाया गया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक श्री वीरेंद्र राय ने छात्राओं को सड़क पर यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया, तथा उप प्राचार्य डॉ० राघवेंद्र प्रताप तिवारी ने यातायात संबंधी नियमों के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्यरुप से डॉ ०अखिलेश गुप्ता, डॉ वीरेंद्र यादव, डॉ० राणा प्रताप यादव एवं प्रशासनिक अधिकारी विनय कुमार पांडे एवं महाविद्यालय के समस्त लोग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

## नव नियुक्त सहायक कुलसचिव ने किया औचक निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज़

**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में विगत 25 दिसंबर से केंद्रीय मूल्यांकन का कार्य नियमित रूप से संचालित हो रहा है। जिसमें राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, भौतिक विज्ञान और शिक्षाशास्त्र के अलाका अन्य विषयों का मूल्यांकन पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा हिन्दी ,कृषि विज्ञान, अंग्रेजी और रसायन विज्ञान सहित अन्य पाठ्यक्रमो का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। अभी तक लगभग 1 लाख 85 हजार स्नातक की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सम्पन्न हो चुका है।



मूल्यांकन केंद्र पर बलिया सहित अन्य जनपदों के योग्य प्राध्यापकणों द्वारा मूल्यांकन कार्य संचालित किया जा रहा है। आज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर संजीत कुमार गुप्ता ने मूल्यांकन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए, कुलपति जी के साथ नव नियुक्त सहायक कुल सचिव ने भी मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया। केन्द्रीय मूल्यांकन हेतु विश्वविद्यालय ने तीन सदस्यों की मूल्यांकन समिति का गठन किया है, जो सम्पूर्ण मूल्यांकन का कार्य करा रही है। इस समिति के समन्वयक प्रो अनुराग भटनागर, मनोविज्ञान विभाग, मुरली मनोहर टाउन डिग्री कॉलेज बलिया, सहायक समन्वयक डां० छबिलाल, सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग व डाँ सौम्या, सहायक आचार्य, गृह विज्ञान विभाग, विश्वविद्यालय परिसर है।

इसके अलावा भोजपुरी भवन का निरीक्षण करते हुए निदेशक शैक्षणिक डॉ पुष्पा मिश्रा को आवश्यक दिशा निर्देश दिया ' इस अवसर पर चीफ प्राक्टर डॉ प्रियंका सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ अजय चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत वरिष्ठ सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार ने स्कूली वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की

लोकतंत्र की आवाज

**उरई ।** 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत आज सुरेश कुमार, वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा0/प्रर्व0), राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल व विनय कुमार पाण्डेय, यात्रीकर/मालकर अधिकारी द्वारा अपने प्रवर्तन स्टाफ के सहयोग से बिना हेलमेट के वाहन का संचालन करने, बिना सीट-बेल्ट के वाहन का संचालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने, गलत दिशा में वाहन का संचालन करने, अनाधिकृत संचालन आदि के अभियोगों में चालान किये गये एवम् सुरेश कुमार, वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा0/प्रर्व0) द्वारा बिना फिटनेस परमिट के स्कूली वाहन का मार्ग पर संचालन करने के




अभियोग में 02 स्कूली वाहन के विरुद्ध चालान/निरुद्ध की कार्यवाही की गयी साथ ही विनय कुमार पाण्डेय द्वारा भी स्कूली वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में समस्त चालकों व आमजनमानस को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेलमेट व सीट-बेल्ट एवम् वाहन के समस्त वैध प्रपत्रों सहित वाहन का संचालन करने की सलाह दी गयी तथा वाहन चलाते समय स्टंटबाजी न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, गलत ढंग से ओवरटेक न करने, राँग साइड वाहन न चलाये जाने हेतु एवम् समस्त वैध प्रपत्रों सहित वाहन का संचालन करने की सलाह दी गयी।

## यूपी में ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रेलर के रजस्ट्रेशन नयिमों में बड़े बदलाव, योगी सरकार ने जारी की नई दुकान

लोक तंत्र की आवाज

**रत्ना**

**लखनऊ।** बिना मानकों और अवैध रूप से दौड़ रहीं ट्रैक्टर ट्राली व ट्रेलर से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। शासन ने ट्रैक्टर ट्रॉली व ट्रेलर के पंजीयन और निर्माण में सड़क सुरक्षा के मानकों को शामिल करते हुए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दी है। ट्रैक्टर ही नहीं अब उसकी ट्रॉलियों व ट्रेलर का पंजीकरण भी कराना जरूरी होगा। हर ट्रॉली व ट्रेलर पर उसका चार अंकों का अपना पंजीयन नंबर दर्ज होगा। यही नहीं उनपर 17 अंकों का चेसिस नंबर भी दर्ज किया जाएगा। इससे ट्रॉली व टेलर मालिकों का पता लगाना आसान हो जाएगा। बिना मानकों और अवैध रूप से दौड़ रहीं ट्रैक्टर ट्राली व ट्रेलर से होने



वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। शासन ने ट्रैक्टर ट्रॉली व ट्रेलर के पंजीयन और निर्माण में सड़क सुरक्षा के मानकों को शामिल करते हुए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दी है। ट्रेलर के चार मानक हैं तय एआईएस 112 के मानकों के तहत कृषि कार्य के लिए ट्रेलर के चार मानक तय हैं। इसमें आर-1, आर-2,आर-3 और आर-4 शामिल हैं। आर-2, आर-3 और आर-4 मॉडल का पंजीयन एग्रीकल्चर ट्रेलर के रूप में किया जाएगा। अब किसी भी मॉडल की ट्रॉली में एक एक्सल नहीं होंगी। उनमें दो एक्सल होंगे।

## बिजनौर सुभासपा की जन चौपाल में मंत्री ओमप्रकाश राजभर व सरकार की जीरो पॉवर्टी योजना का किया प्रचार

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

**नजीबाबाद/ बिजनौर** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम हीमपुर पछादपुरा में पार्टी के पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय पाल प्रजापति के आवास व उनकी अध्यक्षता में एक जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसका संचालन अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुकेश वाल्मीकि ने किया इस जन चौपाल में मुख्य अतिथि मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर रहे जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना के बारे में लोगों को अवगत कराया एवं सरकार के लाभ से वंछित लोगों को तमाम जानकारी दी इस दौरान जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला ने पार्टी की सदस्यता पर जोर देते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर की विचारधारा के बारे में अवगत कराया कहां ओमप्रकाश राजभर की विचारधारा को मध्य नजर रखते हुए बिजनौर जनपद में दस हजार के लगभग कार्यकर्ता जुड़ चुके हैं और कोई भी कार्यकर्ता किसी प्रशासनिक अधिकारी से परेशान नहीं है जिस तरह पहले लोग अधिकारी के चक्कर काटते रहते थे परंतु अब विपरीत है अब हमारे पीले गमछे को देखकर ही अधिकारी समझ जाता है कि यह व्यक्ति ओमप्रकाश



राजभर की पार्टी का कार्यकर्ता है इसलिए उनके काम हो रहे हैं लोग हमसे जुड़ रहे हैं इस जन चौपाल में जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला जिला प्रमुख महासचिव चंद्रवीर सिंह डवास जिला संगठन मंत्री रूपेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष चौधरी नैपाल सिंह जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ इंस्पेक्टर बलवंत सिंह पवार जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा मुकेश वाल्मीकि पिछड़ा मोर्चा जिला प्रमुख महासचिव नौशाद अहमद जहीर अहमद मुस्तफा अहमद परमल प्रजापति चंद्रप्रकाश कोमल सुरेश कुमार प्रजापति दीपक ठाकुर राजू देवी अयोध्या देवी सुरेंद्र गिरी नत्थू सिंह श्री राम विपिन कुमार कश्यप राजेंद्र कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

- **पार्टी हाई कमान कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर की विचारधारा है आखिरी पायदान पर बैठे व्यक्ति को मिले सरकार का लाभ**

## क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लाक मुख्यालय नवानगर के मीटिंग हॉल में

लोकतंत्र की आवाज़

**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक मुख्यालय नवानगर के मीटिंग हाल में ब्लॉक प्रमुख केशव प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख केशव प्रसाद चौधरी ने कहा कि सरकार के मानसा के अनुरूप क्षेत्र पंचायत का विकास कार्य होना चाहिए आप लोग अपने गांव से विकास के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन कर हमें सपोर्ट करें हम उसे कार्य पर विचार करके कार्य को तथा संभव प्रयास करके संपन्न करेंगे बैठक में पिछली कार्रवाई की पुष्टि की गई प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास पर चर्चा की गई पेंशन योजनाओं पर की चर्चा की



गई मनरेगा योजना के तहत स्वच्छता पर विचार किया गया पंचम वित्त कार्य योजना 15वां वित कार्य योजना पंचम राजकीय वित्त योजना सहित 10 बिंदुओं पर विचार किया गया क्षेत्र पंचायत के सदस्यों के द्वारा अपने गांव सभा के विकास के लिए प्रस्ताव बनाकर ब्लॉक प्रमुख केशव प्रसाद चौधरी को दिया इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत के सदस्य एवं ग्राम प्रधान के अलावा खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार बिंद सहायक खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार यादव एडीओ एग्रीकल्चर सूर्यनाथ यादव ग्राम प्रधान अरविंद कुमार सिंह ग्राम प्रधान राजेश कुमार राय सहित सभी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान और बीडीसी सदस्य उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रखंड स्तरीय बैंकर्स कमिटी की बैठक आयोजित



लोकतंत्र की आबाज
दिलीपकुमार ठाकुर
खानपुर/समस्तीपुर। प्रखंड मुख्यालय के बीडीओ कार्यालय कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी खानपुर विजय कुमार चंद्र की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स कमिटी की मीटिंग की गयी। जिसमे लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सोनू कुमार सिंह प्रखंड के सभी बैंक शाखा प्रबंधक, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीपीएम जीविका मौजूद रहे। वही बैठक में मुख्य रूप से केकेसी लोन, सीडी रेश्यो एनुअल क्रेडिट प्लान पीएमएगपी पीएमफेब जीविका शज लोन एवं सर्टिफिकेट केस आदि पर चर्चा करते हुए लक्ष्य प्राप्ति पर बल दिया गया।

### दो महिला शराब कारोबारी को भेजा जेल



लोकतंत्र की आवाज
शिवाजीनगर/समस्तीपुर। विती रात्रि हथोड़ी थाना पुलिस द्वारा परशुराम गावं निवासी स्व मनोज महतो की चालीस वर्षीय विधवा पत्नी बबिता देवी को उसके घर से पांच लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। वही हथोड़ी थाना कांड संख्या 64/24 मध निषेध के प्राथमिकी अभियुक्त लीला देवी उम्र 39 वर्ष जोजे शंभू सहनी साकिन बाघोपुर थाना रौसड़ा जिला समस्तीपुर को उसके घर से गिरफ्त मे ले दोनों शराब करोबारी को न्यायिक हिरासत वास्ते भेजा गया। पुस्टि थानाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार ने की है।

### सौरभ कुमार बने लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। लोजपा के जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार ने सौरभ साह,पिता शिवशंकर साह, ग्राम लक्ष्मी पुर निवासी को लोजपा का पीरपैंती प्रखंड अध्यक्ष बनाया। सौरभ कुमार ने कहा कि पार्टी ने जो दायित्व दिया है, उस पर खरा उतरने का कोशिश करूंगा।पार्टी को मजबूत करने के लिए जी जान लगा दूंगा। पार्टी का विस्तार करने में परिश्रम करूंगा। गांव गांव घूम कर पार्टी के प्रति लोगों को जागरूक करूंगा। लोजपा को जीतने में मदद करूंगा।

# हुसैनीपुर गाँव में कुशवाहा एकता संघ की बैठक आयोजित किया गया



**लोकतंत्र की आवाज**

**समस्तीपुर।** मोरवा प्रखंड क्षेत्र के हुसैनीपुर गाँव में मंगलवार को कुशवाहा एकता संघ की बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा उर्फ हरिओम ने कहा कि वर्षो से ही सदा से समाज सेवी करता रहा है कुशवाहा समाज। कोषाध्यक्ष डॉ. बलिराम सिंह कुशवाहा व महासचिव लखन सिंह कुशवाहा ने मोरवा विधानसभा में अब तक कुशवाहा समाज को सत्ता में भागीदारी का अवसर नहीं मिलने पर चिंता प्रकट किया है।

**● ओमप्रकाश कुशवाहा उर्फ हरिओम के द्वारा पिछले वर्ष छत्तीस जोड़ी कन्याओं के विवाह कराया गया था जिसका वर्षगांठ मनाने का निर्णय लिया गया**

संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा उर्फ हरिओम के द्वारा पिछले वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर छत्तीस जोड़ी गरीब कन्याओं के विवाह कराये जाने की वर्षगांठ मनाने एवं सार्वजनिक रूप से जलाभिषेक करने का संकल्प लिया गया। वहीं सर्वसम्मति से 26 फरवरी को बिहार के लेनिन शहीद जगदेव सिंह की 103 वीं जयंती, समारोह पूर्वक बनाने का निर्णय लिया गया। मोरवा विधानसभा क्षेत्र के गरीब आम अवाम के सभी प्रकार के इलाज के लिए 8 एवं 9 फरवरी को निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने का, सर्व सम्मति से कुशवाहा एकता के लिए तन मन धन से समर्पित रहने का संकल्प लिया गया। मौके पर डॉ मनोहर प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह, अभय सिंह, संजय कुमार सिंह, लालबाबू सिंह कुशवाहा, डॉ ब्रजेश कुमार सिंह,डॉ सतीश कुमार सिंह कुशवाहा, डॉ राजेश कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह कुशवाहा, पैक्स अध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, सुशील कुमार,लखन सिंह कुशवाहा, सुनील सिंह, मनीष कुमार, जीतेन्द्र सिंह, सरोज कुमार, सुजीत कुमार सहित कुशवाहा एकता संघ के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## माली मालाकार कल्याण समिति संगठन के लोगों ने जताया सीएम का आभार :अजय मालाकार



**लोक तंत्र कीआवाज**

**राजापाकर (वैशाली)।** माली मालाकार कल्याण समिति के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय मालाकार ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति बालिका छात्रावास योजना का नाम देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के नाम करने पर बिहार सरकार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया है। अजय मालाकार ने कहा कि बिहार सरकार का यह निर्णय ऐतिहासिक कदम है। बिहार के सभी 38 जिलों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावास योजना की स्वीकृति सावित्रीबाई फुले के नाम करने की कैबिनेट से मिल गई है।

इससे बिहार बालिका शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनेगा। एससी एसटी की बालिकाओं के उच्च शिक्षा के प्रोत्साहन एवं उनके सशक्तिकरण के लिए यह निर्णय बिहार सरकार की दूरदर्शिता का परिणाम है। सावित्रीबाई फुले के सम्मान में बिहार सरकार के यह निर्णय स्वागतयोग्य है। इस दौरान माली मालाकार कल्याण समिति प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय मालाकार, वैशाली जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार भक्त, अनिल भक्त, सुनील भगत, डॉ शत्रुघन भक्त, प्रशांत कुमार, सुधीर भगत, राजकुमार भगत, रामबाबू भगत, काशी भगत, परशुराम भक्त, अरविंद भगत सरपंच, जितेंद्र मालाकार, राजू मालाकार, अशोक भगत, संजीव कुमार भगत, मनोज मालाकार, मनोज दिवाकर, रामप्रवेश भगत, गौतम भक्त, गणेश भगत, सदन मालाकार सहित तमाम माली मालाकार समाज के लोगों ने माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामना दी है।

### बीईओ ने एचएम से मांगा स्पष्टीकरण

लोकतंत्र की आवाज
जगदीशपुर/भोजपुर। विद्यालय संचालन के निर्धारित समय में विद्यालय से अनुपस्थित रहना एक प्रधानाध्यापक को भारी पड़ गया है। मामले को लेकर बीईओ मनोज कुमार ने विद्यालय से अनुपस्थित रहने सहित अन्य मामलों को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। बीईओ के इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। पूरा मामला जगदीशपुर प्रखंड के बरनांव पंचायत के केशोपुर गांव स्थित न्यू प्राथमिक विद्यालय केशोपुर से जुड़ा है। जहां विगत सोमवार दोपहर 01:41 बजे शिक्षक स्कूल से अनुपस्थित पाए गए थे। तब शिक्षिका रेखा कुमारी ने बताया था कि पेट में दर्द और स्कूल में शौचालय नहीं होने के कारण टहलने जाने और प्रधानाध्यापक सर्वजीत कुमार सिंह ने मध्य विद्यालय बरनांव में एब्सेंटी जमा करने की बात बताई थी। वहीं वार्ड सदस्य सह शिक्षा समिति सदस्य धनजी सिंह ने भी नियमित व व्यवस्थित तरीके से स्कूल संचालन पर सवाल खड़ा किया था। अब बीईओ के कार्रवाई से चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

# आमजनों की समस्याओं का निदान करना ही कांग्रेस पार्टी की पहली प्राथमिकता : बरकत खान

**लोकतंत्र की आवाज**

**मामलोत सेख**
**बरहरवा।** विधायक मोहतरमा निसात आलम के निर्देशानुसार आज मंगलवार को बरहरवा प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए आम जनों की समस्याओं से रूबरू हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान। मिर्जापुर,रामनगर, बटाइल,मधवापाड़ा, पलासबोना, श्रीकुंड एवम नगर पंचायत से आए दर्जनों महिलाओं ने विधायक कक्ष में मईया सम्मान योजना का आवेदन ऑनलाइन होने के बावजूद भुगतान न होने की शिकायत विधायक प्रतिनिधि से किया।



बरकत खान ने संबंधित अधिकारी से वार्तालाप किया आश्वासन दिया गया कि वर्तमान समय में पोर्टल बंद है जैसे ही पोर्टल खुलेगा समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।साथ ही बिजली,अबुवा आवास,पेंशन का भुगतान नहीं होने तथा अंचल से संबंधित समस्या को लेकर भी आम जन उपस्थित हुए,प्राप्त शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही फरीदपुर की कुछ महिलाओं शिकायत की कि तनुजा स्वयं सहायता समूह के डीलर द्वारा दो महीनों से राशन नही दिया गया विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने त्वरित कार्यवाही करते हुए डीलर से वार्तालाप की एवं बुधवार को राशन वितरण करने को कहा।

वही पानी की समस्या से झूझ रहे पथरिया वासियो ने पथरिया में मिल के पास बोरिंग को लेकर विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के समक्ष आवेदन दिया जिस पर प्रतिनिधि खान ने जल्द बोरिंग करवाने का आश्वासन दिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू,जिला महासचिव मिठुन कुमार मण्डल, प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार,आलमगीर मंसूरी सहित दर्जनों कार्यकर्ता तथा ग्रामीणगण उपस्थित थे।

# जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन में अविनाश व कशिश को बेस्ट अपकमिंग अवार्ड

**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** नरखेर ( महाराष्ट्र ) में आज संपन्न हुए 69वीं जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में बिहार बालक टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाले अविनाश कुमार ( सिवान ) एवं बालिका वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कशिश कुमारी ( बेगूसराय ) को चैंपियनशिप का ₹ बेस्ट अपकमिंग प्लेयर्स अवार्ड ₹ से पुरस्कृत किया गया। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर व राज्य प्रवक्ता ज्ञानदेव कुमार ने बताया कि चैंपियनशिप के बालक वर्ग में बिहार को 7वां एवं बालिका वर्ग में 8वां स्थान प्राप्त हुआ।



चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए बेस्ट अपकमिंग प्लेयर्स अवार्ड से पुरस्कृत होने वाले अविनाश कुमार एवं कशिश कुमारी को बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष -सह-सदस्य,बिहार विधान परिषद प्रो.नवल किशोर यादव, संघ की उपाध्यक्ष प्रो.सुहेली मेहता, मिथिलेश कुमार मंडल,संघ के निदेशक पवन कुमार केजरीवाल, संयुक्त सचिव मिताली मित्रा,रंजन गुप्ता,अनामिका पासवान,राकेश रंजन,पटना जिला सचिव डॉ.अरुण दयाल,संघ के राज्य प्रवक्ता ज्ञानदेव कुमार ने बधाई व शुभकामनाएं दीं है।

## 23 तक स्थगित रहेगी शैक्षणिक गतिविधियां

**लोकतन्त्र की आवाज**



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** जिला दंडाधिकारी भागलपुर डॉ नवल किशोर चौधरी ने ठंड को देखते हुए शैक्षणिक गतिविधियों के लिए आदेश जारी करते हुए कहा है कि- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार भागलपुर जिला में अधिक ठंड तथा विशेष रूप से सुबह और शाम के समय कम तापमान की स्थिति रहने के कारण पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना के दृष्टिगतविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियों के संदर्भ में आदेश निर्गत किया गया था।

वर्त्तमान में भी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान एवं जिले में पड़ रहे अधिक ठंड तथा शीतलहर से बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना के

**● ठंड को लेकर जिला प्रशासन न लिया निर्णय**

दृष्टिगत भागलपुर जिला के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों (प्री-स्कूल, आँगनबाड़ी केन्द्रों एवं कोचिंग संस्थान सहित) में वर्ग-08 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर दिनांक 23.01.2025 तक प्रतिबंध लगाता हूँ। वर्ग-08 के ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधयाँ पूर्वाह्न 09.00 बजे से अपराह्न 03.30 बजे के बीच संचालित की जा सकती है। प्री-बोर्ड / बोर्ड की परीक्षा हेतु संचालित किए जाने वाली विशेष कक्षाओं/ परीक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा। यह आदेश दिनांक 22.01.2025 से लागू होगा एवं दिनांक 23.01.2025 तक प्रभावी रहेगा।

## जदयू एमएलसी ने अधिकारियों के साथ बैठक,संचालित योजनाओं की समीक्षा की

**लोकतंत्र की आवाज़**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** प्रखंड सूचना, प्रौद्योगिक भवन के सभागार में मंगलवार को जदयू एमएलसी श्री भगवान सिंह कुशवाहा ने अफसरों के साथ बैठक कर चल रहे योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी योजनाओं को सही तरीके से क्रियान्वयन करने और पात्र लाभुकों योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों से कहा।




उन्होंने बैठक में बारी-बारी से सभी विभागीय संचालित योजनाओं की समीक्षा कर लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का भी कहा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के पात्र लाभुकों को आवास योजना में नाम जोड़ने और जॉब कार्ड बनाने को कहा। श्री भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि जनहित में सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है और इसका लाभ हर जरूरतमंद को मिले सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में एसडीएम संजीत कुमार,बीडीओ डॉ सुदर्शन कुमार,सीओ विश्वजीत नीलांकर, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी राजेश प्रसाद, रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर एसकिशुन सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सुपर ओवर में नारायणपुर को नवगछिया ने हराया

**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** मंगलवार को प्रखंड के सर्वोदय मैदान में आयोजित अरशद अली चैम्पियन्स ट्रॉफी ड्यूज बॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन नवगछिया की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लेकर नारायणपुर को सुपर ओवर में कड़ी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए नवगछिया की टीम ने निर्धारित बीस ओवर मे 156 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। नवगछिया की ओर से राकेश कुमार ने तीन छक्के व दो चौके के मदद से सर्वाधिक एग्यारह गेंदों में 28 रन बनाए।

वहीं नारायनपुर के मोहम्मद कादिर ने दो ओवर में दो विकेट एवं कादिर अली और सेय्यद अली ने एक एक विकेट झटके । हसीम ने 31 रन देकर



तीन विकेट झटके जबकी समीम ने 28 रन देकर तीन विकेट झटके ।वही रन का पिछा करने उतरी नारायणपुर की टीम प्रारंभ में लड़खड़ाती नज़र आई नारायणपुर की ओर से मुकेश झा ने 42 गेंदों का सामना करते हुए चार छक्के छः चौके की मदद से 57 रन बनाए और अंत के ओवर में मैच टाई हो गया। नवगछिया की ओर से साजीद ने तीन विकेट लिए जबकी दो विकेट रजनीश ने लिया।वही सुपर ओवर खेला गया ।जिसमें नारायणपुर की टीम ने छः गेंदों में तीन विकेट खोकर चौदह रन बनाए। नवगछिया की टीम ने बिना विकेट खोए छः गेंदों में पन्द्रह रन बनाकर जीत दर्ज किया। वही खेल में पी डब्लू ए वाय गिरधर गोपाल बिहपुर रेलवे,अमित कुमार , टीवीटी के प्रोपराईटर पवन झा , पुर्व पैक्स अध्यक्ष बैजनाथ झा उर्फ बैजू राजा, रोहीत आनंद शुक्ला, शेख हस्बुल ,आदि ने सराहनीय योगदान दिया। खेल के निर्णायक की भूमिका में मो.ईबरार और जनार्दन ने सराहनीय फैसले लिये ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पुलिस ने पिकअप से 47 कार्टन विदेशी को किया शराब बरामद,चालक समेत दो

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा। बेतिया के नौतन थाना कि पुलिस व एलटीएफ की संयुक्त छापेमारी में विगत रात एक पिकअप से 47 कार्टन विदेशी शराब बरामद करते हुए चालक व एक धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों धंधेबाज बरवत परसाईन के मुन्ना कुमार व अवधेश कुमार हैं। आगे उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दियारा से पिकअप पर भारी मात्रा में शराब का खेप लेकर धंधेबाज बेतिया की तरफ निकलने वाले है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई किया गया। इस दौरान एक पिकअप को रोक कर जांच किया गया। जांच के दौरान 08 पीएम गोल्ड के 33 कार्टून, रॉयल स्टेग के 12 कार्टून और आफिसर च्वाइस के 2 कार्टून बरामद किया गया है। दोनों के विरुद्ध थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत कांड अंकित कर दोनों को न्यायालय हिरासत भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब कारोबारी व तस्करों में भय का माहौल।

### यू डाइस और अपार को लेकर हुई बैठक



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा के प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयार एसोसिएशन के बैनर तले बगहा निजी विद्यालय के संचालकों की एक बैठक आज दिनांक 21 जनवरी 2025 को बगहा पब्लिक स्कूल में हुई जिसमें यू डायस में नए बच्चों की एंट्री तथा पुराने बच्चों का अपार कार्ड बनाने में हो रही परेशानी पर चर्चा हुई और साथ ही साथ बगहा नगर परिषद स्तर पर प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के जिला सचिव अब्दुल्ला उर्फ अरशद सरहदी की अध्यक्षता तथा इंतजार अहमद के संरक्षण में एक कमेटी की गठन की गई जिसमें अध्यक्ष के रूप में निशांत कुमार बगहा पब्लिक स्कूल, सचिन–आदित्य पंकज नार्सिसस पब्लिक स्कूल, कोषाध्यक्ष– विजय प्रसाद ठाकुर सरस्वती शिशु अकैडमी, उपाध्यक्ष– राकेश कुमार मिश्रा संत माइकल पब्लिक स्कूल, उप सचिव आकाश कुमार लुसेंट पब्लिक स्कूल, मीडिया प्रभारी– दिलीप कुमार दुबे माउंट वैली पब्लिक स्कूल का चुनाव किया गया

### सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध नगर पंचायत ने चलाया अभियान,पांच हजार वसूला जुर्माना,10 किलो प्लास्टिक जब्त

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। नगर पंचायत क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश एवं लोक स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया।इस दौरान 10 किलो प्लास्टिक के थैले को जब्त किया गया वही लोगो से पांच हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।नगर पंचायत पदाधिकारी ने बताया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक से मिट्टी, पानी, और हवा प्रदूषित होती है।जानवर अक्सर सिंगल यूज़ प्लास्टिक को निगल लेते हैं या उनमें फंस जाते हैं।सिंगल यूज़ प्लास्टिक से कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं।सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उत्पादन और दहन से ग्रीनहाउस गैस निकलती हैं।सिंगल यूज़ प्लास्टिक बनाने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे कच्चे माल की ज़रूरत होती है।सिंगल यूज़ प्लास्टिक से सड़कों पर गंदगी फैलती है एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक को रीसाइकल करना मुश्किल होता है।नगर पंचायत पदाधिकारी ने आमलोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने से मना किया है।

### बाबा मनोकामना नाथ मंदिर में नए पार्वती प्रतिमा के पूजन

पीरपैंती प्रखंड के सुप्रसिद्ध बाबा मनोकामना नाथ मंदिर में खंडित माता पार्वती प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के लिए वेदी पूजन,जलाधिवास, फलाधी वास, शक्कर,मधु, घृत,जल अभिषेक किया गया। पंडित प्रेमजीत उपाध्याय, सोनू उपाध्याय ने वैदिक विधि से पूजन संपन्न कराया।सामूहिक सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य जजमान मुक्ति प्रसाद दत्ता सपत्नीक थे। आज नगर भ्रमण के बाद प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

# मुजफ्फरपुर :अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह भव्य एवं आकर्षक झांकियों का होगा प्रदर्शन

## संध्या में सजेगा स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम



लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार ।** डीएम एसएसपी ने स्टेडियम का विजिट कर तैयारी का लिया जायजा जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री सुशील कुमार ने ? पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम सिकंदरपुर का स्थलीय भ्रमण कर झंडोत्तोलन समारोह की तैयारी की प्रगति का जायजा लिया। ? गणतंत्र दिवस के अवसर पर 9 विभागों द्वारा झांकी प्रदर्शित की जाएगी जिसकी तैयारी जारी है। विभागवार प्रदर्शित होने वाली झांकी का थीम निम्नवत है – 1/डीआरडीए – मनरेगा अंतर्गत खेल मैदान/ स्टेडियम निर्माण की झांकी 2/पंचायत– महिला ग्राम सभा एवं ई–ग्राम कचहरी 3/ उत्पाद – शराब सेवन का दुष्परिणाम तथा ब्रेथ एनालाइजर से जांच करते हुए दर्शाया जाएगा 4/शिक्षा – 10+2 बच्चियों के लिए संचालित होनेवाले हॉस्टल मॉडल तथा आईसीटी लैब के माध्यम से अध्ययनरत बच्चे 5/स्वास्थ्य –हेल्थ वेलनेस सेंटर का संचालन तथा सेंटर ? पर प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं जिसमें एनसीडी अंतर्गत हाइपरटेंशन, डायबिटीज एवं कैंसर का अर्ली डिटेक्शन किया जाना है। 6/जीविका – महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक आर्थिक उन्नयन 7/कृषि – सेड नेट में बेमौसमी सब्जी उत्पादन तथा झोपड़ी में मशरूम उत्पादन का प्रदर्शन। ड्रोन द्वारा उर्वरक एवं कीटनाशी का संजीव प्रदर्शन 8/आईसीडीएस – महिलाओं के लिए कौशल विकास एवं रोजगार के नये अवसर 9/ पुलिस – साइबर अपराध नियंत्रण झांकी की तैयारी के लिए उप विकास आयुक्त द्वारा बैठक एवं लगातार मानिटरिंग सतत रूप से जारी है।सरकारी दिशानिर्देश एवं मानक के अनुरूप झांकी तैयार की जा रही है। जिलाधिकारी ने स्टेडियम में झांकी के सुव्यवस्थित प्रदर्शन हेतु झांकी को क्रमानुसार पंक्तिबद्ध करने का निर्देश दिया।स्टेडियम में बैरिकेडिंग साफ सफाई रंग रोगन ? आदि की तैयारी चल रही है।जिलाधिकारी के साथ नगर आयुक्त श्री विक्रम विरकर अपर समाहर्ता राजस्व श्री संजीव कुमार, जिला बंदोबस्त पदाधिकारी श्री फिरोज अख्तर,अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था श्री सुधीर कुमार सिन्हा सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## सुपर ओवर में नारायणपुर को नवगछिया ने हराया,



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर,,,,** मंगलवार को प्रखंड के सर्वोदय मैदान में आयोजित अरशद अली चैम्पियन्स ट्रॉफी ड्यूज बॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन नवगछिया की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लेकर नारायणपुर को सुपर ओवर में कड़ी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए नवगछिया की टीम ने निर्धारित बीस ओवर मे 156 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। नवगछिया की ओर से राकेश कुमार ने तीन छक्के व दो चौके के मदद से सर्वाधिक एग्यारह गेंदों में 28 रन बनाए। वहीं नारायनपुर के मोहम्मद कादिर ने दो ओवर में दो विकेट एवं कादिर अली और सेय्यद अली ने एक एक विकेट झटके । हसीम ने 31 रन देकर तीन विकेट झटके जबकी समीम ने 28 रन देकर तीन विकेट झटके ।वही रन का पिछा करने उतरी नारायणपुर की टीम प्रारंभ में लड़खड़ाती नज़र आई नारायणपुर की ओर से मुकेश झा ने 42 गेंदों का सामना करते हुए चार छक्के छ?ः चौके की मदद से 57 रन बनाए और अंत के ओवर में मैच टाई हो गया। नवगछिया की ओर से साजीद ने तीन विकेट लिए जबकी दो विकेट रजनीश ने लिया।वही सुपर ओवर खेला गया ।जिसमें नारायणपुर की टीम ने छः गेंदों में तीन विकेट खोकर चौदह रन बनाए। नवगछिया की टीम ने बिना विकेट खोए छः गेंदों में पन्द्रह रन बनाकर जीत दर्ज किया। वही खेल में पी डब्लू ए वाय गिरधर गोपाल बिहपुर रेलवे,अमित कुमार , टीवीटी के प्रोपराईटर पवन झा , पुर्व पैक्स अध्यक्ष बैजनाथ झा उर्फ बैजू राजा, रोहीत आनंद शुक्ला, शेख हस्बुल ,आदि ने सराहनीय योगदान दिया । खेल के निर्णायक की भूमिका में मो.ईबरार और जनार्दन ने सराहनीय फैसले लिये ।सुपर ओवर में नारायणपुर को नवगछिया ने हराया,

## धनहा पैक्स में सौ क्विंटल धान की खरीदारी



लोकतंत्र की आवाज

**मधुबनी से सूरज यादव**

**पिपरासी।** मधुबनी प्रखंड के धनहा पंचायत में पैक्स अध्यक्ष ने करीब 100 क्विंटल धान की खरीदारी की। धनहा पंचायत के नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष मनीष सिंह राणा ने बताया कि बिहार सरकार से निर्धारित 2320 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदारी की जा रही है। अब किसानों को धान बिक्री करने यूपी के बाजार में नहीं जाना – पड़ेगा। उत्तर प्रदेश के बाजार में 1800 से लेकर 1900 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान बिक्री हो रही है। विधायक प्रतिनिधि गुड्डू सिंह व पंकज सिंह ने बताया कि धनहा पंचायत के मतदाता द्वारा 203 मतों से इन्हें विजयी पैक्स अध्यक्ष के रूप में कराया था। कहा कि किसानों को किसान क्रेडिट के लिए भी बैंकों से बात की जा रही है।

## बेतिया : बेतिया पुलिस की हिरासत में युवक की संदिग्ध हालात में मौत बताया जा रहा है युवक शराब के नशे में था.फिलहाल इस घटना की पूरे मामले की जांच जारी, दोषी पाए जाने पर की जाएगी करवाई एसपी




लोकतंत्र की आवाज

**बेतिया ।** से बड़ी खबर सामने आ रही है. जहां कंगली थाना के हिरासत में एक व्यक्ति की मौत हो गई है. जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है. बताया जा रहा है कि कंगली थाना की पुलिस ने देर रात्रि तीन लोगों को हिरासत में लिया था. जिसमें से एक व्यक्ति रमेश शर्मा शराब के नशे में धुत था. रमेश शर्मा बेतिया के भेड़िहरवा का रहने वाला था.पुलिस की हिरासत में सुबह में उसकी तबियत बिगड गई है. जिसके बाद आनन फानन में उसे अस्पताल लाया गया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.वहां इस मामले में एसपी डॉ शौर्य सुमन ने बताया कि रमेश शर्मा शराब के नशे में धुत था. पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल टीम बनाया गया है. मजिस्ट्रेट की देखरेख में पोस्टमार्टम कराया जाएगा.फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है. इसके साथ ही थाने में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा जा रहा है. इसके अलावा एसडीपीओ जय प्रकाश सिंह भी मामले की जांच के लिए कंगली थाना पहुंच गए है. कंगली थानाध्यक्ष का नाम कफील अजहर है.मृतक की पत्नी सीतापति देवी ने बताया कि कल देर शाम शराब पीने के बाद पुलिस ने उसके पति को पकड़ा था. जिसके बाद उसे फोन कर के पैसा के साथ आने को बोला गया. पत्नी ने बताया कि जब वो पैसे लेकर आई तो उसके पति की मौत हो गई. वहीं मृतक के चाचा शिवनाथ ठाकुर ने बताया कि कल शराब पीने पर पुलिस पकड़ी थी. पुलिस ने मारपीट किया तो उसकी मौत हो गई.पूरे मामले में एसपी शौर्य सुमन ने बताया कि बारीकी से जांच की जा रहीं है. अगर इसमें कोई दोषी मिला तो उस पर कार्यवाही की जाएगी. मृतक रमेश शर्मा की पत्नी नेपाल रहती है. उसके परिवार में दूसरा और कोई नहीं है. कंगली थाना के हिरासत में हुए इस मौत पर क्षेत्र में कई तरह के चर्चा का बाजार गर्म है. बता दें कि इससे पहले बेतिया में संदिग्ध हालात में जहरीली शराब पीने से कथित रूप से 5 लोगों की मौत हो गई है. इसे लेकर पुलिस प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं. वहीं अब पुलिस की हिरासत में युवक की मौत से पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे है।

# बड़ी घटना को अंजाम देने से पूर्व एक अपराध कर्मी को पुलिस ने दबोचा इस दौरान अपराधियों ने किया फायरिंग



लोकतंत्र की आबाज

**रामजी कुमार।**

**समस्तीपुर।** रोसड़ा अनुमंडल के डीएसपी सोनल कुमारी ने अपने सभा कक्ष में प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में उन्होंने मीडिया कर्मियों को बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रोसड़ा थाना अंतर्गत ग्राम बैधनाथपुर में कुछ अपराधकर्मियो के द्वारा बड़ा घटना कारित करने का योजना बनाया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष, रोसड़ा थाना दलबल व डीआईयू टीम समस्तीपुर के साथ ग्राम वैधनाथपुर पहुँचकर विधिवत घेराबंदी किया गया। इधर पुलिस बल को देखकर वहाँ उपस्थित अपराधकर्मी पुलिस बल के उपर गोली फायर करते हुए भागने लगे। जिस पर पुलिस बल के द्वारा आमजनो व भीड़भाड़ को देखते हुए उक्त अपराधकर्मियो का पीछा किया गया तथा खदेड़कर एक अपराधकर्मी अरविंद सहनी पिता तरूण सहनी ग्राम हरिपुरघाट थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को पकड़कर घेरे में लिया गया। इनके पास से आग्नेयास्त्र एवं मादक पदार्थ भी बरामद हुआ है। अन्य अपराधकर्मी भीड़ का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गये। उक्त पकड़ाये अपराधकर्मी से पुछताछ करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि सभी पुलिस कर्मी सुरक्षित है तथा किसी भी अपराधकर्मी को गोली लगने की पुष्टि नही हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधकर्मी अरविंद सहनी पिता तरूण सहनी ग्राम हरिपुरघाट थाना खानपुर जिला समस्तीपुर निवासी का नाम शामिल है।

## मुजफ्फरपुर में 25 जनवरी तक वर्ग आठ तक के सभी स्कूल रहेंगे बंद



लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**

शीतलहर और कड़ाके की ठंड को देखते हुए मुजफ्फरपुर जिले में भी 8वीं तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को 25 जनवरी तक बंद कर दिया गया है। मंगलवार को जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में बताया गया है कि 25 जनवरी तक स्कूलों में 8वीं तक के बच्चों की छुट्टी रहेगी और कक्षा 8 से ऊपर की क्लास का संचालन सुबह 9 बजे के बाद किया जाएगा।इस वजह से लिया गया फैसलामुजफ्फरपुर डीएम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला दंडाधिकारी मुजफ्फरपुर श्री सुब्रत कुमार सेन द्वारा जिला के सभी निजी/ सरकारी विद्यालयों (प्री– स्कूल आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) ? में वर्ग आठ तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर 25 जनवरी तक प्रतिबंध लगाया गया है। वर्ग 8 से ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे के बीच संचालित की जा सकती है। बोर्ड परीक्षा से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन इससे मुक्त रहेगा। जिला दंडाधिकारी द्वारा निर्गत आदेश 22 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2025 तक मुजफ्फरपुर जिला में प्रभावी रहेगा। गणतंत्र दिवस 2025 की तैयारियों से संबंधित कार्यक्रमों में सम्बद्ध विद्यार्थियों को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:30 बजे अपराह्न के बीच संबंधित विद्यालय प्रबंधन के द्वारा आवश्यक सावधानियों एवं सुरक्षा के साथ बुलाया जा सकता है। अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं पश्चिमी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी थानाध्यक्ष को इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।

## सिरदला–टोटो व बाइक की टक्कर में एक महिला की हुई मौत



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

परना डाबर थाना क्षेत्र के मुगलसराय गांव की समीप सीताराम नगर बजरंगबली के पास एक तेज रफ्तार टोटो व बाइक की टक्कर आमने–सामने हो गई। जिससे टोटो पर बैठे एक महिला नीचे गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसे आनन फानन में टोटो से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला ले जाया गया। जहां उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर जनार्दन कुमार ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। वहां से टोटो से परना डाबर पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर मंगलवार की सुबह में पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। एवं लाश को परिजनों को सौंप दिया है। मृत महिला की पहचान गया जिला के फतेहपुर थाना क्षेत्र के बेला गांव निवासी लक्ष्मण मांझी की 35 वर्षीय पत्नी शांति देवी बताया गया है। परना डाबर थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि लक्ष्मण मांझी पिता जेठू मांझी गाँव बेला फतेहपुर गया के फर्द बयान के आधार पर टोटो एवं मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। तथा दोनों वाहन को जप्त कर थाना लाया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बैंककर्मी द्वारा ग्राहक के साथ 22 लाख के धोखाधड़ी मामले में सात दिनों बाद भी कोई कार्रवाई नही




लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** नगर के पुरानी बस स्टैंड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में पदस्थापित एक बैंककर्मी द्वारा धोखाधड़ी कर दो चेक के माध्यम से 22 लाख रुपये अपने खाते में डालकर फरार हो गया है।वहीं ग्राहक बीते सात दिनों से बैंक एवं थाने का चक्कर लगाते–लगाते परेशान है, लेकिन उन्हें अबतक उनका पैसा नहीं मिल पाया है। मंगलवार को पीड़ित ग्राहक गोपालपुर गांव निवासी कृष्ण प्रसाद के पुत्र मुकेश कुमार एसबीआई बैंक पहुंचकर अपने पैसों की जानकारी शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार से लेने पहुंचे,जहां बैंक प्रबंधक द्वारा एक लिखित आवेदन देने की बात कही जा रही है।वहीं ग्राहक अपने डूबे हुए पैसे को लेकर काफी चिंतित है।पीड़ित ग्राहक ने यह भी बताया कि घटना के बाद बैंक के वरीय पदाधिकारी जांच करने बैंक पहुंचे थे एवं मुझे जल्द से जल्द 22 लाख रुपये देने की बात कही थी।क्या है मामला –पीड़ित एसबीआई ग्राहक मुकेश कुमार ने बताया कि वे गाड़ी खरीदने को लेकर चेक संख्या 306429 व 306430 में भरे गए 11–11 लाख रुपये को आरटीजीएस के माध्यम से गाड़ी की मालकिन ममता सिंह के अकाउंट में भेजने के लिए 14 जनवरी को वे एसबीआई बैंक पहुंचे।एसबीआई बैंक के अंदर काउंटर संख्या दो पर बैठे बैंककर्मी मुकेश कुमार को आरटीजीएस फॉर्म भरकर चेक के साथ उन्हें पैसे ट्रांसफर करने को दिया गया। इस दौरान बैंककर्मी ने ग्राहक से कहा कि आपके द्वारा भरा गया आरटीजीएस फॉर्म गलत है,इसलिए आप दूसरे आरटीजीएस फॉर्म पर सिग्नेचर करके दे दीजिए।बैंककर्मी के विश्वास पर ग्राहक ने आरटीजीएस के फॉर्म पर सिग्नेचर करके बैंककर्मी को दे दिया।बैंककर्मी ने दोनों चेक एवं आरटीजीएस के माध्यम से 22 लाख रुपये अपने एक्सिस बैंक के एक खाते में ट्रांसफर कर लिया।जब ग्राहक के अकाउंट से पैसे कटे, तो उन्होंने बैंककर्मी को फोन करके पूछा कि हमारे खाते से 22 लाख रुपये कट गए हैं, लेकिन गाड़ी के मालकिन के पास पैसे नहीं पहुंचा है। इस पर बैंककर्मी द्वारा कहा गया कि बैंक जाकर चेक करवाइए,पैसा जा चुका है।इस प्रकार टाल–मटोल करते हुए 14 जनवरी और 15 जनवरी बीत गया।अंततः ग्राहक 16 जनवरी को एसबीआई शाखा पहुंच कर जानकारी लेने का प्रयास किया,तो पता चला कि बैंककर्मी छुट्टी पर है एवं 22 लाख रुपये एक्सिस बैंक के खाते में डाला गया है।इस घटनाक्रम को लेकर पीड़ित ग्राहक ने रजौली थाने में 17 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कराई।क्या कहते हैं शाखा प्रबंधक –इस बाबत शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार ने बताया कि बैंककर्मी मुकेश कुमार चेक के माध्यम से पैसा दूसरे अकाउंट में डालने के बाद से बिना छुट्टी के आवेदन दिए गायब है।वहीं वरीय पदाधिकारी द्वारा सीसीटीवी आदि की जांच की जा रही है।विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपित बैंककर्मी मुकेश कुमार को शेयर बाजार एवं ऑनलाइन जुआ खेलने का बड़ा शौकीन है।साथ ही उसका पारिवारिक सम्बंध भी ठीक नहीं है।पुलिस एवं बैंककर्मी मामले की जांच में जुटे हुए हैं। यह बात स्पष्ट नहीं हो पा रही है कि पीड़ित को कब तक न्याय मिलेगा और दोषी के विरुद्ध कबतक कार्रवाई हो पाएगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सोनवर्षा राजः लाखों रूपयों की लागत से निर्मित खेल मैदानों में अनियमितता



लोकतंत्र की आवाज
सोनवर्षा राज सहरसा संवादाता। सहरसा सोनवर्षा राज-प्रखंड क्षेत्र स्थित विभिन्न पंचायतों में लाखों रूपयों की लागत से निर्मित खेल मैदानों में अनियमितता का मामला सामने आ रहा है। प्राक्कलन के विपरित खेल मैदानों के निर्माण से उसके गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। विशेषकर मोकमा पंचायत के पचलख उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में करीब 19 लाख की लागत से दो खेल मैदान व 19 लाख की राशि से दो दो सौन्दर्यकरण योजना के क्रियान्वयन में बरती जा रही अनियमितता से लोगों के बीच आक्रोश पनप रहा है। खेल मैदान के निर्माण के दौरान बास्केटबॉल, बैडमिंटन कोर्ट, बॉलीबॉल कोर्ट व रनिंग ट्रैक का निर्माण किया जाना है। पचलख विद्यालय में निर्मित रनिंग ट्रैक में बॉउन्ड्री के निर्माण में प्राक्कलन के अनुरूप नीचे से तीन ईट की जोड़ाई कर उपर तीन इंच की ढ़लाई किया जाने की जगह दो ईट को जोड़कर दो से ढाई फीट ढ़लाई की जा रही है। जिससे ट्रैक की गुणवत्ता पर ही सवाल खड़ा हो रहा है। जबकि 19 लाख की लागत से दो सौन्दर्यकरण योजना के तहत स्कुल में एक मुख्य द्वार व मात्र ढेढ़ से दो फीट मिट्टी भराई कार्य किया गया है। वहीं दूसरी तरफ मंगवार पंचायत स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दो ईट की जोड़ाई पर मात्र एक इंच ढ़लाई की जा रही है। सबसे बड़ी बात ये है की निर्माण स्थल पर न तो जेई और न हीं पीआरएस सह संवेदक मौजूद रहता है। जिससे निर्माण कार्य पर सतत निगरानी बनाई रखी जा सके। उक्त बाबत मोकमा पंचायत के पीआरएस सह संवेदक प्रवीण कुमार ने कहा तीन ईट जोड़ाई पर ही तीन इंच ढ़लाई की जा रही है शंका है तो खोदकर देख लिजिए। वहीं मंगवार पंचायत के पीआरएस सह संवेदक रूपेश कुमार ने कहा की जेई को भेजकर दिखवाते है। बताते चले की मनरेगा के तहत आनन फानन में निर्मित इन खेल मैदानों का जिस तरह से निर्माण किया जा रहा है उससे तो यहीं लगता है की ये एक वर्ष भी शायद ही ठीक ठाक रह पाएगा।

### कोशी विकास संघर्ष मोर्चा के द्वारा अपने कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा गया



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता।कोशी विकास संघर्ष मोर्चा, सहरसा अपने संगठन के विस्तारीकरण एवं उद्देश्य के प्रति सजग कार्यकर्ताओं को प्रखंड, नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत, वार्डों में दायित्व दे रही है. सर्वसम्मति से सहरसा नगर निगम के अध्यक्ष के रूप में सामाजिक, राजनीतिक एवं वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष श्री मनोज गुप्ता जी को, पटुआहा निवासी सामाजिक एवं विभिन्न संघर्ष के नायक अधिवक्ता श्री रितेश मोहन झा जी को नगर निगम के संरक्षक एवं सामाजिक क्रांतिकारी कार्यकर्ता एवं पूर्व वार्ड पार्षद श्री मुनिनाथ झा जी उर्फ चमन जी को नगर पंचायत, बनगाँव के अध्यक्ष का दायित्व दिया गया है. सबको मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष श्री विनोद कुमार झा एवं प्रमंडलीय संरक्षक पूर्व जिला पार्षद श्री प्रवीण आनंद ने बधाई देते हुए मोर्चा के संकल्प से अवगत कराया साथ ही जल्द से जल्द कार्यसमिति में संघर्षशील व्यक्ति को स्थान देते हुए समाज हित में कार्य करने का अनुरोध किया है.

### सहरसा किसानों को हित व उनका समस्या का निष्पादन वो भी खाद का किल्लत नहीं होने दिया जिला कृषि पदाधिकारी ज्ञानचंद्र शर्मा जी



लोकतंत्र की आवाज
रंजीत सक्सेना सहरसा संवादाता। क्षेत्रों में किसानों के हित व उनका समस्या का निदान करने हेतु तत्पर रहते थे जिला कृषि पदाधिकारी ज्ञानचंद्र शर्मा जी उनका सेवा निवृत का समय जैसे ही नजदीक आ रहा किसानों में मायूसी होने लगा है ' जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा अपने अधीन पंचायत स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक या अपने अधीन सभी अधिकारियों व कर्मियों को किसान के हित में गाइडलाइन देते रहे चाहें मक्का उत्पादन या गेहुं धान उत्पादन आदि से संबंधित किसानों के हित में क्षेत्रों काफी कार्य कार्य सराहनीय हैं यहां तक किसानों के हित के लिए अपना मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक कर दिए थे सबका मान सम्मान वो मधुर बोली से किसान काफी खुश थे कृषि समन्वयक मनोज कुमार भी किसानों का समस्या का निदान करते रहे है ।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग रहेगा मुस्तैद

लोक तंत्र की आवाज



**अररिया।** प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 22 जनवरी को अररिया जिले का दौरा करेंगे। इस महत्वपूर्ण यात्रा को लेकर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग दोनों ही पूरी तरह से मुस्तैद हैं। स्वास्थ्य विभाग ने यात्रा के दौरान किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं।

**10 चिह्नित स्थलों पर तैनात की गई विशेष चिकित्सा टीमें :** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान, स्वास्थ्य विभाग ने यात्रा के रास्ते और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर 10 स्थानों पर विशेष चिकित्सा दलों की तैनाती की है। इन टीमों में विशेषज्ञ चिकित्सक, अनुभवी स्वास्थ्य कर्मी और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस एंबुलेंस शामिल होंगे। प्रमुख स्थलों में हांसा पंचायत स्थित हेलीपैड, सुंदरीधाम, अररिया कॉलेज और समाहरणालय परिसर जैसी जगहें शामिल हैं।

**बेस अस्पताल और चिकित्सा शिविरों का गठन :** मुख्यमंत्री की यात्रा के दौरान हेलीपैड, स्कूल और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर बेस अस्पताल स्थापित किए गए हैं, जहां चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहेंगे। हांसा तालाब के पास स्थित ग्रेविटी प्वाइंट स्कूल, छतियौना प्राथमिक विद्यालय, और बैरगाछी स्थित हाई स्कूल में चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। इन स्थानों पर सभी जरूरी चिकित्सा

● यात्रा के दौरान किसी भी अप्रत्याशित घटना से निपटने के लिए 10 चिह्नित स्थलों पर चिकित्सा टीम तैनात

सुविधाओं के साथ कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

**पेयजल और खाद्य पदार्थ की जांचः** मुख्यमंत्री के लिए यात्रा के दौरान दिये जाने वाले पेयजल और खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता जांचने के लिए भी विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यात्रा के दौरान कोई स्वास्थ्य संबंधी जोखिम उत्पन्न न हो।

**प्रबंधन और पर्यवेक्षण के लिए विभागीय अधिकारी तैनात :** यात्रा के दौरान विभागीय अधिकारियों की एक टीम भी तैनात रहेगी, जो प्रत्येक स्थल पर चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति की निगरानी करेगी। इसके तहत, अररिया में जिला मूल्यांकन अधिकारी पंकज कुमार, रानीगंज में जिला योजना समन्वयक राकेश कुमार और कुर्साकांटा में जिला सामुदायिक समन्वयक सौरव कुमार झा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**सिविल सर्जन द्वारा दिशा-निर्देश :** सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप ने बताया कि यात्रा के दौरान विभाग पूरी तरह से अलर्ट रहेगा। उन्होंने सभी चिकित्सा कर्मियों को निर्देश दिया है कि वे आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के साथ अपने ड्रेस कोड का पालन करते हुए अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही, यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं। इस प्रकार, मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सभी आवश्यक कदम उठाए हैं, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## रोको टोको अभियान, वाहन चालक को गुलाब फूल देकर किया गया जागरूक




लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** डीएम वैभव चौधरी ने सड़क सुरक्षा जीबन रक्षा रथ को 16 जनवरी 2025 को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था। उन्होंने बताया था कि यह रथ ग्रामीण इलाकों में घूम कर लोगों को वाहन चलाने संबंधित जागरूकता प्रचार करेगी। उक्त कार्यक्रम बिहार सरकार के कार्यक्रम सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। वाहन नगर निकाय, ग्राम में घूम कर लोगों को हेलमेट, सीट बेल्ट, गाड़ियों के कागजात को लेकर जागरूक करेगी।

वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार ने बताया था कि 16 जनवरी 2025 से आगामी 31 जनवरी 2025 तक सड़क सुरक्षा समिति के अंतर्गत विभिन्न तरहों के कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को रोको टोको कार्यक्रम के तहत सड़को पर जागरूकता अभियान चलाया गया। सचिव, परिवहन विभाग- सह-सदस्य सचिव, बिहार सड़क सुरक्षा परिषद्, पटना के ज्ञापांक- 33, दिनांक-10 जनवरी 2025 के आलोक में सड़क सुरक्षा माह 2025 दिनांक-01जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जाना है। इसका क्रियान्वयन जिला सड़क सुरक्षा समिति के पदाधिकारी के माध्यम से किया जाना है।

इसी कड़ी में सोमवार को रोको टोको कार्यक्रम के तहत डीटीओ संजीव कुमार, मोटरयान निरीक्षक बृजमोहन पटवारी, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी जीशान अहमद ईएसआई शिवनंदन कुमार सुमन, अम्बे कुमारी, ऋचा राज, सिम्मी कुमारी लोगों को सड़कों पर गुलाब फूल देकर लोगों को हेलमेट पहनने हेतु जागरूक करते दिखे। जबकि परिवहन कार्यलय के कार्यपालक सहायक यथा नौशाद आलम, सुरेश झा, गिरेन्द्र कुमार, अमलेश कुमार, आशीष कुमार सिंह, लिपिक निक्की कुमार, विवेक राज सड़क सुरक्षा समिति कार्यक्रम को शत प्रतिशत धरातल पर उतारने हेतु लगे हुए हैं।

## ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन आज, टॉपिक है फायनेन्शियल एजुकेशनः ए लाइफ स्किल अंडर एनईपी-2020




लोक तंत्र की आवाज
**मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के तत्वावधान में बुधवार को एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। वेबिनार का विषय ₹फायनेन्शियल एजुकेशनः ए लाइफ स्किल अंडर एनईपी-2020₹ होगा। इसमें सेबी के पूर्व डीजीएम एवं एएमएफआई के सीनियर कंसल्टेंट सूर्यकांत शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। वेबिनार का उद्घाटन प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव करेंगे, और धन्यवाद ज्ञापन दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर देंगे।

**निःशुल्क वेबिनार और ई-सर्टिफिकेटः** प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने बताया कि यह वेबिनार पूरी तरह निःशुल्क है और इसमें भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 22 जनवरी को ऐतिहासिक सुंदरनाथ धाम में करेंगे पूजाः विधायक विजय मंडल

लोक तंत्र की आवाज



डा. रूद्र किंकर वर्मा
**सुंदरी मठ ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 22 जनवरी को अपनी प्रगति यात्रा के तहत ऐतिहासिक सुंदरनाथ धाम का दौरा करेंगे, जहां वह पूजा अर्चना करेंगे। विधायक विजय कुमार मंडल ने इस यात्रा को लेकर सभी तैयारियों का जायजा लिया और कहा कि मुख्यमंत्री का स्वागत भव्य तरीके से किया जाएगा। सुंदरी मठ न्यास समिति ने मंदिर परिसर में सफाई, रंग-रोगन और सजावट का काम पूरा कर लिया है, ताकि मुख्यमंत्री के आगमन पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक आदर्श धार्मिक वातावरण मिल सके।

**धार्मिक स्थलों की सफाई और सजावटः** विजय कुमार मंडल ने बताया कि सुंदरी मठ न्यास समिति द्वारा शिव मंदिर, माता-पार्वती मंदिर, नंदी महाराज और अन्य धार्मिक स्थलों की सफाई पूरी कर ली गई है और रंग-रोगन कार्य भी सम्पन्न कर लिया गया है। मठ में विशेष सजावट की गई है ताकि मुख्यमंत्री के आगमन पर वातावरण शांति और सौहार्दपूर्ण हो। इसके अलावा, श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था को भी सुनिश्चित किया गया है।

**मुख्यमंत्री से आधुनिक धर्मशाला और शिव गंगा सौंदर्यीकरण की मांगः** विजय कुमार मंडल ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पूजा अर्चना के बाद, वे सुंदरी मठ में एक आधुनिक धर्मशाला के निर्माण और शिव गंगा के सौंदर्यीकरण की मांग करेंगे। ये दोनों परियोजनाएं न केवल धार्मिक स्थल की भव्यता को बढ़ाएंगी, बल्कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं भी मुहैया कराएंगी। विधायक ने इस बात पर जोर दिया कि इन परियोजनाओं से सुंदरी मठ का धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में और अधिक विकास होगा।

**समारोह में प्रमुख लोग और आयोजन की सफलता की कामनाः**

● सीएम के आगमन को लेकर सुंदरी मठ में व्यापक तैयारियां, धर्मशाला शिव गंगा सौंदर्यीकरण की भी होगी मांग

इस अवसर पर मठ के प्रमुख महंत सिंहेश्वर गिरी, प्रणव गुप्ता, एचके सिंह, रामदेव सरदार, रामप्रसाद शर्मा, श्याम राम, भानु सिंह, छोटू साह, विजय केशरी, महेश साह, हेरम सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने मुख्यमंत्री के आगमन के अवसर पर आयोजन की सफलता की कामना की और इस धार्मिक स्थल के विकास को लेकर अपने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह यात्रा न केवल ऐतिहासिक सुंदरनाथ धाम के विकास में सहायक होगी, बल्कि यह क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों के जीवनस्तर को सुधारने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

# वीआईपी नेता संजीव मिश्रा का संघर्ष रंग लाया, वीरपुर में रजिस्ट्री ऑफिस खोलने की मिली मंजूरी

लोक तंत्र कीआवाज

**छातापुर।** वीआईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पैनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा ने अपनी जनहितैषी लड़ाई को लेकर एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि सरकार और शासन में बैठे लोगों ने हमेशा आम जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया, लेकिन उनकी और उनकी टीम की मेहनत रंग लाई है। वीरपुर में लंबे समय से चल रही रजिस्ट्री ऑफिस की मांग को लेकर किए गए संघर्ष के बाद, मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान इस कार्यालय को खोलने की स्वीकृति दे दी है। मिश्रा ने इसे वीरपुर और आसपास की जनता की पहली बड़ी जीत करार दिया।

**जनता के मुद्दों के समाधान के लिए संजीव मिश्रा का दृढ़ संकल्पः** संजीव मिश्रा ने कहा कि जब सरकार और प्रशासन ने जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया, तब हमने इन मुद्दों को उठाया और संघर्ष शुरू किया। अब मुख्यमंत्री ने वीरपुर में रजिस्ट्री ऑफिस खोलने की मंजूरी दी है, जिससे स्थानीय लोगों को भूमि संबंधी कार्यों में राहत मिलेगी। उन्होंने इस फैसले को न केवल वीरपुर की जनता की जीत बताया, बल्कि इसे उनके आंदोलन की सफलता का प्रतीक भी मानते हुए कहा, ₹यह हमारी पहली जीत है, लेकिन हमारी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक हर समस्या का समाधान नहीं हो जाता।

**आगे का रास्ताः हर समस्या का समाधान होगा :** मिश्रा ने साफ तौर पर



कहा कि यह संघर्ष सिर्फ रजिस्ट्री ऑफिस तक सीमित नहीं रहेगा। उनका मुख्य उद्देश्य जिले और राज्य की जनता की समस्याओं को हल करना है, और यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक लोगों को उनके अधिकार नहीं मिल जाते। उन्होंने जनता से अपील की कि वे उनके साथ इस संघर्ष में एकजुट रहें, ताकि हर मुद्दे का समाधान हो सके।

संजीव मिश्रा का यह बयान न केवल उनके राजनीतिक करियर के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि वीआईपी पार्टी की स्थानीय राजनीति में बढ़ती पैठ को भी दर्शाता है। मुख्यमंत्री से सीधे संवाद कर इस मुद्दे का समाधान करवाना मिश्रा की सक्रियता और जनहित में उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह घटनाक्रम उनके समर्थकों के बीच उनकी छवि को और मजबूत करेगा और आगामी चुनावों में पार्टी की स्थिति को भी प्रभावी बनाएगा।

## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तीन पीकप भैन पर लदी दर्जनों मवेशी को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

लोकतंत्र की आवाज



**सोनवर्षा राज सहरसा संवादाता।** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय थाना के मनौरी चौक पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार की दोपहर तीन पीकप भैन पर लदी दर्जनों मवेशी सहित तरस्कर को पकड़ कर सोनवर्षा राज थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पशु तस्करो द्वारा अवैध रूप से तीन गाड़ी से दर्जनों पशु को ले जाया जा रहा था। जिसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा वाहन चालक सहित पशु तरस्कर को पकड़ कर सोनवर्षा राज थाना पुलिस व बीडीओ अरविंद कुमार को सूचना दिया गया।

सूचना मिलते ही बीडीओ अरविंद कुमार ने पहुंचकर वाहनों पर लदे पशुओं के बारे में आवश्यक पूछताछ करते हुए खरीदारी का कागज मांगा गया। लेकिन कागज संतोषजनक नहीं देख बीडीओ द्वारा तीनों वाहनों को जांच करने के लिए सोनवर्षाराज थाने के सुपुर्द कर दिया। उक्त बाबत सोनवर्षाराज थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि बीडीओ सोनवर्षाराज के निर्देशानुसार तीनों पशु लदे वाहन को जप्त कर जांच किया जा रहा है। जांचोपरांत अग्रतर कारवाई किया जाएगा।

# कोशी क्षेत्र सहरसा पिछड़ापन का दंश झेल रहा क्यों?

लोकतंत्र की आवाज

**रंजीत सक्सेना /चंदन कुमार पासवान सहरसा संवादाता।** बताते चले कि कोशी क्षेत्र कई समस्याओं से जूझ रहा है चाहे बाढ़ की विभीषिका या बेरोजगारी या पलायन की पीड़ा अपना समस्या कहे तो कहे किसे चुनाव का सरगर्मी जोर शोर से चौक चौराहों या सार्वजनिक स्थानों पर खूब चर्चाएं भी होती लेकिन क्षेत्रों की समस्या व विकास व जनकल्याण से कोसों दूर सरजमीन पर हाफ रहा है क्षेत्रों में कैंसर रोगी की संख्या महामारी बन रहा है।

कई वर्षों से ओवरब्रिज निर्माण का मांग हो रहा कई रेलमंत्रियों के शिलान्यास



के बावजूद आम लोगों को ओवरब्रिज निर्माण का सपना साकार नहीं हो पाया पलायन की पीड़ा से लोगों अन्य राज्य पलायन पर विवश है दो वक्त की रोटी के लिए घर द्वार छोड़कर अन्य प्रदेशों में भटक रहे लोगों का कहना है कि माननीय चुनाव के समय आते ही नित नए वायदे करते है।

# जय बाबा नाथ बली टूर्नामेंट टेकनमा में खेला गया

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** सहरसा जिला के प्रखंड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट जहां रविदास मंदिर से पुरब खेल मैदान में खेला गया जोकि कपसिया बनाम टेकनमा के बीच क्रिकेट खेला गया जिसका मुख्य अतिथि मुखिया संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र राणा ने फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किए।

धबौली दक्षणी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष रुद्रानंद जी उर्फ बाबुल जी सरपंच रामनाथ मंडल ने सभी क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रोशाहित करते हुए उत्साह उमंग दिए और कहा कि खेल अनिश्चितता खेल है। क्रिकेट खेल में कुछ भी कहा नहीं जा सकता है। जहां कपसिया टीम ने टॉस जीता बल्ले बाजी किए जिस में कपसिया टीम ने कुल स्कोर 207 रन बनाए वहीं पर !स्थानीय



टीम टेकनमा ने 212 स्कोर बनाए जहां की टेकनमा के टीम ने विजई घोषित हुए। जहां विजेता और उपविजेताओं को भी प्रोत्साहित किया गया मौजूद जितेंद्र कुमार कुमार उर्फ जीतू, पंचायत समिति सदस्य मुकेश यादव, जन

● टेकनामा ने कपसिया की टीम को हराया

वितरण प्रणाली प्रतिनिधि संजीत कुमार राम, अभिनंदन उर्फ बिजली यादव, सुभाष कुमार राम, कॉमेंटेटर सुजीत कुमार, मनोरंजन गुप्ता, अरुण यादव, विमल यादव, मोहम्मद शमशेर, युवा अध्यक्ष भाजपा सह वार्ड सदस्य अनिल मंडल, समाजसेवी वीरेंद्र राम, अरुण राम, सहयोग हॉस्पिटल प्रोपराइटर सुनील कुमार जी, राजद के युवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कुदूस जी, मोहम्मद कलाम, अरविंद मंडल, राजा यादव, निरंजन राम, पप्पू मंडल, नंदकीसोर यादव राजेश साह, राहुल कुमार जी, बलजीत सादा, अमलेश यादव, वार्ड सदस्य, वार्ड पंच सभी जनप्रतिनिधि खेल में उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हजारीबाग: विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में लाभुकों के बीच हुआ परिसंपत्तियों का वितरण



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)।
बिष्णुगढ़ प्रखंड सभागार भवन में लाभुकों के बीच हुआ परिसंपत्तियों का वितरण वितरण के पूर्व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें मुख्य रूप से बगोदर विधायक नागेंद्र महतो प्रमुख जैबुन निशा प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार विधायक प्रतिनिधि अजय मंडल मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम महतो सचिव निर्मल कुमार के द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का यह योजना है की लाभुकों के बीच जो उचित सामग्री हैं उसे वितरण किया जाए इसे सही उपयोग में लाकर आप लोग आगे बढ़े और अपने बच्चों को शिक्षा पर जोर दें। परिसंपत्तियों में महिला मंडल के लोगों के बीच 3 करोड़ से अधिक की राशि का चेक वितरण किया गया तथा दर्जनों महिलाओं को आवास योजना स्विकृति पत्र का सर्टिफिकेट दिया गया। साथ ही अनेकों लोगों को जॉब कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड सर्वजन पेंशन योजना एवं बच्चियों के बीच साइकिल और दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी नित्यानंद दास प्रमुख प्रतिनिधि बिलाल अंसारी मुखिया रामचंद्र यादव ननकू यादव कुंवर हांसदा पंचायत समिति सदस्य महताब अंसारी घनश्याम पाठक एवं प्रखंड अंचल के सभी कर्मचारी पदाधिकारी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन मनरेगा बिपीओ ममता सिंह ने किया।

### अब्दुल अहद ने अपनी पुत्री के जन्म पर किया स्वैच्छिक रक्तदान



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)।
पीवीएम ब्लड डोनर्स क्लब के नियमित रक्तदाता अब्दुल अहद ऊर्फ गुड्डू पिता मो. जहीम सा. पेलावल दक्षिणी,अंबेडकर टोली ने आज किया 10 वां रक्तदान। हर्ष की बात है कि अहद का 10 वां रक्तदान उसकी पहली संतान वह भी पुत्री के जन्म की खुशी में हुआ। अहद के घर में तीनों बाप बेटे नियमित रक्तदाता हैं। आज ब्लड बैंक में अहद के साथ उसके पिता मो. जहीम भी साथ—साथ रहे। ऐसे जज्बे से अन्य युवकों एवं परिजनों को सीख लेकर बेटी के जन्म पर इस तरह से खुशी मनानी चाहिए। अक्सर बेटी के जन्म पर अधिकतर लोग या परिजन खुशी का इजहार नहीं करते। पीवीएम ब्लड डोनर्स क्लब इस जज्बे से गौरांवित हुआ। रक्तदान महादान इससे बड़ा ना कोई दूजा दान इस मंत्र को अगर हर युवक समझ लें तो किसी भी थैलेसिमिया पीड़ति बच्चों को खून के अभाव में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस पुनीत कार्य में मंच के अध्यक्ष सह संस्थापक एम.हक भारती, उप कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, उप सचिव इंजमामुल हक भारती,कर्मठ सदस्य मो.आरिफ ने अपनी उपस्तिथि ब्लड बैंक में दर्ज कराई एवं ब्लड बैंक के लैब टेक्नीशियन शमशाद हुसैन,मुरली जी, मोकीम अख्तर एवं मधु जी का सहयोग रहा।

### डीसी रमेश घोलप के निर्देशानुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने विद्यालय का किया निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चतरा(झारखंड)। जिले के विद्यालयों में छात्र—छात्राओं को बेहतर शिक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के लिए हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैनी कला के छात्र—छात्राएं मध्याह्न भोजन का बहिष्कार कर शिक्षा विभाग से बेहत शिक्षा दिलाने की मांग कर रहे हैं। डीसी रमेश घोलप के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने उक्त विद्यालय का निरीक्षण किया। शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मेरे एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हंटरगंज के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैनी कला, हंटरगंज का निरीक्षण किया गया। जांच के बाद पता चला कि विद्यालय में दो शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई थी तथा आज पुन: दो शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। इस विद्यालय में पूर्व से दो शिक्षक पदस्थ हैं। वर्तमान में विद्यालय में प्रतिनियुक्ति के पश्चात कुल 6 शिक्षक कार्यरत हैं।विद्यालय का शिक्षण एवं मध्यान्ह भोजन सुचारू रूप से संचालित पाया गया। स्कूल में कुल 228 छात्र नामांकित हैं। जिसमें जांच के दौरान 175 छात्र उपस्थित पाये गये।

# झारखंड की जन समस्याओं पर संघर्ष के संकल्प के साथ भाकपा (माले) ने छोटा नागपुर प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन किया





लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ हजारीबाग (झारखंड)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) द्वारा आयोजित छोटा नागपुर प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन हजारीबाग के ऑफिसर्स क्लब, चरही में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में पार्टी महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संघर्ष के नए संकल्पों की दिशा और आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

कन्वेंशन में पार्टी की सभी ब्रांच, एरिया, जिला, राज्य कमेटी और केंद्रीय कमेटी के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान पार्टी ने पूर्व महासचिव कामरेड विनोद मिश्रा के स्मृति दिवस से लेकर झारखंड के जननायक महेंद्र सिंह के शहादत दिवस (16 जनवरी) तक झारखंड में ₹जोहार संकल्प यात्रा₹ की शुरुआत की थी। यह यात्रा झारखंड के जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदाओं की रक्षा के लिए शुरू की गई, ताकि भाजपा की योजना के तहत इन संसाधनों को अडानी और अंबानी जैसे कॉर्पोरेट घरानों को सौंपने का विरोध किया जा सके। कन्वेंशन के दौरान पार्टी ने धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़ और चतरा जिलों में नए सदस्य भर्ती, सदस्यता नवीकरण, पार्टी ब्रांचों के पुनर्गठन और एरिया तथा जिला सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की। साथ ही, पार्टी ने फरवरी और मार्च में सभी जिलों में सम्मेलन आयोजित करने के संकल्प को दोहराया साथ ही 22 से 24 अप्रैल 2025 तक होने वाले राज्य सम्मेलन की तैयारियों पर भी विचार किया गया।

कन्वेंशन में रेलवे यूनियन में मिली जीत पर भी बधाई दी गई और यह संदेश दिया गया कि जिस तरह रेलवे यूनियनों ने निजीकरण के खिलाफ अपनी आवाज उठाई, उसी तरह राज्य और देश भर में निजीकरण के खिलाफ संघर्ष को और तेज करने की आवश्यकता है।

मुख्य वक्ता, पार्टी महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि हमारी पार्टी झारखंड के जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदाओं की रक्षा के लिए समर्पित आंदोलन चला रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा को सत्ता से रोकने के लिए जनता का आभार व्यक्त किया। हालांकि, भाजपा और आरएसएस की नफरत फैलाने वाली राजनीति को पूरी तरह से नष्ट करने के लिए पार्टी वैचारिक, राजनीतिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी पार्टी लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और पार्टी के विधायक जनता के सवालों पर सदन के अंदर और बाहर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। हमारी पार्टी की एकता ।

इस कन्वेंशन के लिए पांच सदस्यीय अध्यक्ष मंडल का गठन किया गया। मौके पर पार्टी राज्य सचिव मनोज भक्त, पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद, पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह,नीरज कुमार,राजकुमार यादव,हलधर महतो,मिथलेश सिंह, पूनम देवी, बेदिया, दिवाकर जी, भुनेश्वर बेदिया, त्रिलोकी नाथ, मनोज प्रजापति, निताई महतो, कार्तिक प्रसाद, भुनेश्वर केवट, सीताराम सिंह, पच्चू राणा सहित अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सड़कों पर क्यों शुरू हुआ है पुलिस का पहरा! बाइकर्स पर रखी जा रही खास निगरानी





लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड पलामू(झारखंड)।** नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे समेत सभी तरह की सड़कों पर पुलिस की निगरानी शुरू हुई है. यह निगरानी काफी खास है. इंटर स्टेट और इंटर डिस्ट्रिक्ट की निगरानी को बॉर्डर पुलिस ने और बढ़ा दिया है. झारखंड के पलामू, गढ़वा और लातेहार की खास सड़कों पर और खास इलाकों में अतिरिक्त पुलिस की भी तैनाती की गयी है.

दरअसल हाल के दिनों में नेशनल हाइवे और स्टेट हाइवे पर कंस्ट्रक्शन कंपनी पर अपराधियों के द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है. यह फायरिंग लातेहार, पलामू और गढ़वा के इलाके में हुई है. सभी घटनाओं में अपराधियों ने बाइक का इस्तेमाल किया है. पुलिस ने सड़कों पर सुरक्षा को लेकर योजना बनायी है तथा निगरानी को भी बढ़ाया है. अपराधी और आपराधिक संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. सड़को पर निगरानी रखी जा रही है. अपराधी हो या असामाजिक तत्व

- पलामू की सड़कों पर पुलिस का पहरा शुरू कंस्ट्रक्शन कंपनी पर अपराधियों द्वारा फायरिंग की घटना को देखते हुए उठाया गया यह कदम

सभी को चिन्हित किया जा रहा है:– सुनील भास्कर, आईजी, पलामू

**बिहार, छत्तीसगढ़, यूपी सीमा से सटा हुआ है पलामू जोन :** पलामू जोन बिहार, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश की सीमा से सटा हुआ है. सभी जगह पर इंटर स्टेट चेक पोस्ट की स्थापना की गई है, जिनके माध्यम से निगरानी रखी जा रही है. पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान सभी बाइक का डाटा भी तैयार कर रही है. पुलिस की कार्रवाई में इस बात भी खुलासा हुआ है कि नशे के तस्करों की नजर भी सड़कों पर है. सड़क पर कई बार तस्कर चेकिंग के दौरान पकड़े भी गए है।

## 4 दिसंबर 2025 गिरिडीह जिला की उम्र होगी 53 वर्ष



लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ) गिरिडीह,झारखंड।** 4 दिसंबर 1972 को हजारीबाग जिला के एक खंड को अलग कर गिरिडीह जिला का स्थापना किया गया लेकिन गिरिडीह रेलवे स्टेशन का निर्माण 1871 में ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रमुख रूप से यहां मौजूद खनिज भंडार के परिवहन के लिए किया गया था। 2025 में अपनी स्थापना दिवस को गिरिडीह 53 में स्थापना दिवस के रूप में मनाएगा। आखिर क्यों मैं इस इन सारे तथ्यों को आपके सामने ला रहा हूं दरअसल कारण यह है कि गिरिडीह जिला को इसके यानी कि गिरिडीह जिला के प्राकृतिक पर्यटन को निखार कर किसी ने भी इसे अंतरराष्ट्रीय महत्व दिलाने का प्रयास नहीं किया इसमें फिलहाल आप मधुबन पारसनाथ को नहीं जोड़ सकते क्योंकि राज्य सरकार के रुचि की बात करें तो सभी ने वोट बैंक के रूप में इस क्षेत्र का प्रयोग किया है इस क्षेत्र के विकास में अधिक से अधिक सिर्फ और सिर्फ जैन संप्रदाय के लोगों ने विशेष रूप से जैन संप्रदाय के लोगों ने हमेशा से इस क्षेत्र के ऊपर विशेष रूप से ध्यान दिया है। देखने की बात होगी वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में इस क्षेत्र का कितना विकास हो पता है तथा गिरिडीह विकास की कितनी सीढ़ियां चढ़ पाता है।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र की बदलेगी तस्वीर! ग्रामीणों की समस्याओं का ऑन स्पॉट होगा समाधान

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड पलामू(झारखंड)।** नक्सल प्रभावित इलाके में मौजूद पिकेट की तस्वीर बदलने वाली है. पिकेट से नक्सल विरोधी अभियान का संचालन किया जाता है, लेकिन अब पिकेट से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा. पलामू के इलाके में 2007–08 से पिकेट की स्थापना की शुरुआत हुई थी. पिकेट से कई नक्सल विरोधी अभियान चलाये गये.

अप्रैल 2024 में केंद्र की सरकार ने पलामू को नक्सली मुक्त जिलों की सूची बाहर कर दिया है. यहां कई ऐसे पिकेट हैं जहां से जवानों को क्लोज भी किया गया है. अब पिकेट के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा.



कुछ दिनों पहले झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की नेतृत्व में पलामू के नक्सल प्रभावित इलाके में मौजूद चेतमा पिकेट में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. इसी कार्यक्रम में पिकेट के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने की योजना तैयार की गयी. डीसी शशिरंजन ने कहा कि पिकेट में एक दिन का प्रशासनिक कार्य किया जाएगा, सुदूरवर्ती इलाके में अधिकारी एक दिन बैठेंगे और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

**महीने में एक दिन पिकेट में लगेगा कैंप, ग्रामीणों की सुनी जाएगी समस्याएं :** पलामू के विभिन्न इलाकों में 17 पुलिस पिकेट मौजूद हैं. हर महीने में एक दिन स्पेशल कैंप का आयोजन किया जाएगा और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा. पिकेट में एक दिन अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ प्रशासन का सारा तंत्र मौजूद रहेगा और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जाएगा. अधिकारी ऑन स्पॉट ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे. जो भी समस्या पुलिस के स्तर की होगी, उसका समाधान पिकेट के माध्यम से किया जाएगा. ग्रामीण पिकेट और थाना में जाकर अपनी समस्याओं को बता सकते हैं– रीष्मा रमेशन, एसपी, पलामू

**कई पिकेट को ओपी में भी अपग्रेड करने का है प्रस्ताव :** नक्सली इलाके में मौजूद कई पिकेट को पुलिस आउटपोस्ट (ओपी) में भी अपग्रेड करने की योजना है. पिकेट से सिर्फ नक्सल विरोधी अभियान का संचालन किया जाता है. ओपी बन जाने से ग्रामीणों के समस्या का समाधान किया जाएगा और उनके मुकदमों को दर्ज किया जाएगा.

# अवैध बालू उत्खनन और परिवहन पर की गई कार्रवाई, वैध कागजात नहीं देने पर ट्रेक्टरों को जब्त किया गया

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड गुमला(झारखंड)।** आज थाना प्रभारी सिसई, पुलिस बल एवं खनन विभाग की टीम द्वारा सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजा–नागफेनी में नागफेनी पुल सूर्य मंदिर के पास अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन की जांच की गई।

जांच के दौरान पाया गया कि तीन ट्रैक्टर नदी से अवैध रूप से बालू निकालने में लगे हुए थे। पुलिस और खनन टीम को आते देख तीनों ट्रैक्टर के चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गए। मौके पर तीनों ट्रैक्टर का निरीक्षण किया गया और उन पर लदे बालू के संबंध में कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए। तीनों ट्रैक्टर को विधिवत् जप्त कर सिसई थाना लाया गया।

इसके अतिरिक्त, इसी दिन सुबह




10:00 बजे, बुड़का गांव के पास एक अन्य ट्रैक्टर को बालू लदे हुए पाया गया। चालक पुलिस को देखकर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। जांच के दौरान ट्रैक्टर पर लगभग 100 घनफीट बालू लदा पाया गया, जिसके वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। इस ट्रैक्टर को भी विधिवत् जप्त कर थाना लाया गया।

अवैध बालू उत्खनन और परिवहन न केवल राष्ट्रीय संपत्ति की हानि करता है, बल्कि यह सरकारी राजस्व की भी चोरी है। यह खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 और झारखंड लघु खनिज नियमावली, 2004 के प्रावधानों का उल्लंघन है। इन गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। जिला प्रशासन यह स्पष्ट करता है कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन में शामिल व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आम जनता से अनुरोध है कि ऐसी किसी भी गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। जिले वासियों को सूचित किया जाता है कि अवैध खनन की शिकायत के लिए जिला खनन विभाग द्वारा जारी किए गए नंबर 9934887613 पर अपनी शिकायतों को साझा करें। जानकारी देने वाले की पहचान पूर्ण रूप से गुप्त रखी जाएगी।

# चतरा के टंडवा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का विधायक ने किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड टंडवा(चतरा)।** मंगलवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास व चिकित्सा प्रभारी सुदीप कुमार ,बीडीओ देवलाल उरांव ने संयुक्त रूप से किया।

इससे पूर्व चिकित्सक प्रभारी डॉक्टर सुदीप कुमार में सिमरिया विधायक को बुके देकर स्वागत किया गया।आयोजित मेले में अतिथियों व जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य मेला से सबंधित जानकारी दिया और नागरिकों को अपना अपना बीमारियो को चेक करवाकर शिविर का लाभ उठाने की अपील किया। मरीजों का इलाज को लेकर अलग अलग स्टॉल लगाया गया जहां सबंधित चिकित्सक भी मौजूद थे।



मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनने से पहले स्वस्थ निर्भर भारत बनाना होगा जिससे स्वस्थ क्षेत्र में अहम भूमिका निभायेगी। क्षेत्र के लोगों को जीवनशैली को सुधारने के लिए खाने पीने का सही तरीका को अपनाना होगा।किसी भी प्रकार का दवा लेने से पहले डॉक्टर का सलाह लेना जरूरी है चाहे किसी प्रकार का भी बीमारी हो।आगे उन्होंने कहा की बेड पर चाय पीने से परहेज करना चाहिए जिससे कई तरह का बीमारी से बचा जा सकता।जागरूकता ही स्वच्छता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पान गुटखा खाकर अस्पताल परिसर में नही आए इस पर चिकित्सा प्रभारी को भी निर्देशित किया गया।

महिला चिकित्सक बढ़ाने को लेकर सदन में भी आवाज अठायी जाएगी जब तक इसका सुविधा प्रदान ना हो।टंडवा के अस्पताल को बेहतर बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाने का भी वादा किया।इधर विधायक के द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य किट का भी विवरण किया गया।इस मौके पर बीडीओ देवलाल उरांव,चिकित्सक प्रभारी डॉक्टर सुदीप कुमार,उपप्रमुख जितेंद्र सिंह,मिथलेश कुमार गुप्ता, विजय चौबे,अरविंद सिंह,ईश्वर दयाल पांडे,प्रमोद सिंह,महेंद्र यादव,रामेश्वर राणा,जागेश्वर दास,रवि गुप्ता,जानकी महतो,मुकेश लाल कुशवाह,उदय पांडे,राजेश तुरी,गिरजा देवी,आनंद वर्मा,अजय सिंह,जगदीश महतो,संकर बरई समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# प्रवासी श्रमिकों के कल्याणकारी योजनाओं को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ हजारीबाग (झारखंड)।** विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रवासी श्रमिक निर्माण श्रमिक असंगठित श्रमिक के कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए श्रमधान पोर्टल पर निबंधन करवा कर ही प्रवासी श्रमिक बाहर रोजगार के लिए जाएं ताकि विपदा की घड़ी में यह निबंधन रहने पर श्रमिक को उनके परिजन को लाभ मिलता है।

अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक के कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर 5 लाख झारखंड राज्य से बाहर कहीं अनहोनी घटना घटने पर पंजीकृत रहने पर उनके परिजन को ?200000 का लाभ मिलता है। साथ ही श्रम विभाग के द्वारा



श्रमिक औजार सहायता योजना सेफ्टी किट योजना मातृत्व प्रसूति योजना छात्रवृत्ति योजना समेत और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। निर्माण श्रमिकों को प्रत्येक वर्ष 110 रुपया अंशदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख जैबुन निशा प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार श्रम अधीक्षक अनिल रंजन बगोदर विधायक नागेंद्र महतो माण्डू विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार मंडल श्रमिक मित्र राजेश्वर महतो सुखदेव रजवार समेत कई लोग मौजूद थे। निबंध श्रमिकों के बीच शर्ट पैंट साड़ी योजना के तहत पैंट शर्ट का कपड़ा वितरण किया गया।

# गांडेय प्रखंड के ग्राम पिंडाटाड़ में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक

लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ) गिरिडीह ,झारखंड।** माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, हफीजुल हसन की अध्यक्षता में गांडेय प्रखंड के ग्राम पिंडाटांड में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मुख्य रूप से गांडेय के माननीय विधायिका महोदया, श्रीमती कल्पना सोरेन, उपायुक्त महोदय, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, गिरिडीह, उप नगर आयुक्त, नगर निगम, जिला नजारत उपसमाहर्ता, कार्यपालक अभियंता, कोनार नहर प्रमण्डल, डुमरी एवं बगोदर, कार्यपालक अभियंता, लघु सिचाईं प्रमण्डल, गिरिडीह, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, गिरिडीह, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गाण्डेय



सभी प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, सभी प्रखण्ड समन्वयक, आवास योजना, गिरिडीह जिला समेत अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

बैठक में माननीय मंत्री ने जल संसाधन विभाग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा उक्त योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त महोदय से बारी–बारी से सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श किया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करने की बात कहीं। इस दौरान उन्होंने मनरेगा, अबुआ आवास योजना, झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना, कोनार नहर परियोजना, पथ निर्माण विभाग समेत कई योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के साथ इन सभी योजनाओं का लाभ स–समय लाभुकों मिलें, यह करें सुनिश्चित। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में आमजनों

- माननीय मंत्री जल संसाधन विभाग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग हफीजुल हसन एवं विधायिका महोदया कल्पना सोरेन गांडेय प्रखंड में

को पेयजल से संबंधित काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, इन सभी समस्याओं को पहले से ही ठीक कर लिया जाय। साथ ही उन्होंने कहा कि कोनार नहर परियोजना से संबंधित आ रही दिक्कतें को जल्द से जल्द ठीक किया जाय। उन्होंने अबुआ आवास योजना और झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना को पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र लाभुकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी तत्परता और पारदर्शिता बरती जाय ताकि स–समय योजनाएं पूरी हो और लाभुकों को उनका लाभ मिलें। इसके अलावा समीक्षा के क्रम में सभी संबंधित विभागों को कार्यों में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बीएलबीसी की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा



लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावा। पकरीबरावां प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को ब्लॉक केवल बैंकर्स कमिटी की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय कुमार की अध्यक्षता में रखी गई इसमेंपंचायती राज पदाधिकारी गौरव कुमार, एलडीएम संजीव कुमार दास, नाबार्ड के डीडीएम सुशांत रौशन, आरसेटी के सुनील कुमार सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक शामिल हुए। इस बीच बैंकिंग से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैंकों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री इम्प्लामेंट जेनरेशन प्रोग्राम तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई। एलडीएम ने शाखा प्रबंधकों को अन्य कई निर्देश दिए।इस मौके पर पीएनबी के शाखा प्रबंधक प्रिंस कुमार, एसबीआई के चंदन कुमार, डीबीजीबी गुलनी के प्रेम निराला, बुधौली के धीरज कुमार, पीएनबी पकरीबरावां के रानू कुमार आदि थे।

### सिरदला: पुलिस ने मारपीट में बीएनएस के दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय



लोकतंत्र की आवाज
प्रदीप प्रसाद संवाददाता

सिरदला। परना डाबर पुलिस ने भोलाकुरहा गांव में छापेमारी कर मारपीट में बीएनएस के दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। छापेमारी एस आई संजय कुमार द्विवेदी के द्वारा किया गया है।परना डाबर थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान भोला कुरहा गांव निवासी विष्णु देव प्रसाद के 28 वर्षीय पुत्र विनोद प्रसाद एवं दुखन प्रसाद के 60 वर्षीय पुत्र विष्णु देव प्रसाद बताया गया है। जिसके विरुद्ध परना डाबर थाना कांड संख्या 220/24 प्राथमिकी दर्ज है। इसी क्रम में भोलाकुरहा गांव से एनबीडब्लू एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसका पहचान भोलाकुरहा गांव निवासी विदेशी मुशहर के पुत्र मक्का मुसहर बताया गया है। उक्त तीनों अभियुक्त को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा में उपस्थापन हेतु भेज दिया है।

### सिरदला: प्राथमिक विद्यालय सुरजूडीह में मध्यान भोजन हुआ बंद

लोकतंत्र की आवाज
प्रदीप प्रसाद संवाददाता



सिरदला। प्रखंड के चौकिया पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सुरजूडीह में तीन दिनों से बच्चों का मध्यान भोजन बंद है। जिससे बच्चों की उपस्थिति कम हो गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका अनिता कुमारी ने बताया कि तीन दिनों से स्कूल में चावल नहीं है। हमने संबंधित प्रभारी को सूचना दिए हैं, लेकिन अभी तक चावल उपलब्ध नहीं कराया गया है। बता दें की मध्यान भोजन योजना का मकसद सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को रोजाना पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। इस योजना से कुपोषण से बचाया जाता है। यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है। इसके अंतर्गत केंद्र सरकार राज्यों को मुफ्त खदान उपलब्ध कराती है। तथा शेष अन्य लागते (जैसे परिवहन, खाना पकाने) आदि राज्यों के साथ साझा की जाती है।

### सार्वजनिक स्थान में हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे तीन लोग गिरफ्तार



लोक तंत्र की आवाज

कालपी(जालौन)। पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देशन पर कालपी कोतवाली पुलिस ने जुआरियों तथा सटोरियों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। मंगलवार को कालपी में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे तीन जुआड़ियों को कालपी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया और चालान कर जेल भेज दिया। नगर के मोहल्ला रामगंज में देशी शराब ठेके के पीछे जुए का फड़ चल रहा था। मुखबिर की सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक, ने उपनिरीक्षक अंकित चौरसिया के साथ दलबल सहित मौके पर पहुंचे तथा घेराबंदी करके जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। जुए के फड़ से आरोपियों महेंद्र कुमार, शिवम पाठक तथा सोनू उर्फ पिंटू को गिरफ्तार करके फड़ से 7 हजार रुपये नगदी तथा ताश की गाड़ी बरामद की गई। उप निरीक्षक ने बताया कि तीनों के खिलाफ जुर्म धारा 3 जी एक्ट के तहत चालान कर जेल भेज दिया ।

# गिट्टी कारोबारियों का बढ़ा मनोबल जब्त गिट्टी को भी उठाकर ले गए

## प्राथमिकी में सात नामजद एवं चार अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कराई गई प्राथमिकी

लोकतंत्र की आवाज



राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** अनुमण्डल कार्यालय परिसर के इर्द गिर्द अवैध गिट्टी डम्पिंग यार्ड पर सोमवार को खनन विभाग का छापा पड़ा था। छापेमारी के दौरान सात ट्रैक्टरों को जब्त किया गया था साथ ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। खनन विभाग के छापेमारी के बाद अवैध कारोबारियों का मनोबल इतना बढ़ गया कि जब्त किए गए गिट्टी को वे उठाकर ले गए। जबकि खनन निरीक्षक अपूर्व सिंह के द्वारा अवैध गिट्टी डम्पिंग मामले में सात ट्रैक्टर मालिकों व अन्य पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

दर्ज प्राथमिकी में खनन निरीक्षक अपूर्व सिंह ने बताया कि 20 जनवरी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रजौली थाना अंतर्गत अनुमंडल कार्यालय के इर्द गिर्द में सरकारी जमीन पर खनन माफियाओं के द्वारा गृह बनाकर गिट्टी का अवैध उत्खनन का भंडारण करते हैं एवं बाजार में ऊंचे दामों पर बेचने का अवैध कारोबार करते हैं।उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला खनन कार्यालय से प्रतिनियुक्ति गृह रक्षक बल एवं रजौली थाना गश्ती दल के साथ छापेमारी किया गया।छापेमारी के क्रम में स्थल पर 7 ट्रैक्टर लगे हुए दिखाई दिए,जिन पर गिट्टी लोड किया जा रहा था।छापेमारी दल को देखकर उक्त वाहनों के चालक भागने लगे जिन्हें पकड़ने के लिए सशस्त्र बल के द्वारा पीछा किया गया वही एक चालक को पकड़ लिया गया। अन्य चालक भागने में सफल रहे।छापेमारी स्थल पर अवैध रूप से लगभग 3500 सीएफटी गिट्टी भंडार पाया गया था।

मौके से 7 ट्रैक्टरों को जब्त किया गया।जब्त ट्रैक्टरों को लेकर 7 ट्रैक्टर मालिकों एवं पांच कारोबारियों के विरुद्ध प्राथमिक के दर्ज कराया गया। खनन निरीक्षक ने बताया कि इस स्थल पर 27 जनवरी 2023 को छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में गिट्टी को जप्त कर रजौली थाना कांड संख्या 62/23 में प्राथमिक के दर्ज कराई गई थी।वहीं एक तरफ खनन विभाग कार्रवाई करती है और दूसरी तरफ खनन माफिया जब्त किए गिट्टी को रात के अंधेरे में उठाकर कर लेकर चले जाते हैं।यह बात लोगों के मन में तरह-तरह की शंकाएं उत्पन्न कर रही है।

**क्या कहते हैं एसडीओ :** इस बाबत एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने बताया कि 7 ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है एवं रामदासी गांव निवासी शिबू प्रसाद यादव के पुत्र टेकन प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।उन्होंने कहा कि कानून के विरुद्ध कृत करने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**क्या कहते हैं जिलाधिकारी:** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।जांचोपरांत दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## झारही के जंगल से 30 गैलनों में रहे 750 लीटर शराब बरामद,पांच बाइक जब्त,एक धंधेबाज गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

- झराही गांव के घने जंगलों में पुलिस ने की कार्रवाई

राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत के डैम के उस पार स्थित झराही गांव के घने जंगलों से सोमवार को पुलिस बलों ने पांच बाइकों पर लदे 30 गैलनों में बन्द कुल 750 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया।साथ ही एक शराब धंधेबाज को खदेड़ कर पकड़ा गया।वहीं चार शराब धंधेबाज भागने में सफल रहे।इस दौरान थाने में पदस्थापित एएसआई जयशंकर पाण्डेय एवं एएसआई सत्यदेव प्रसाद के अलावे सशस्त्र बल मौजूद रहे।

थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि शराब की खेंप को लेकर गुप्त सूचना मिली।सूचना के आलोक में पुलिस बलों को कानूनी कार्रवाई के लिए भेजा गया।छापेमारी के दौरान झराही के जंगली रास्ते से आ रहे पांच बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया,किन्तु सभी लोग बाइक पर लदे शराब को छोड़कर भागने लगे।भाग रहे शराब धंधेबाजों में एक को पुलिस बलों ने खदेड़ कर पकड़ लिया,जबकि चार अन्य लोग भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त पांच बाइकों पर 25 लीटर के 30 गैलनों में भरे कुल 750 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया है।वहीं गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान बरवा गांव निवासी बिहारी पासवान के पुत्र राजेश कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब,बाइक एवं गिरफ्तार धंधेबाज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बाकी धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए आगे की करवाई की जा रही है। वहीं मंगलवार को गिरफ्तार शराब धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## बिजनौर फैक्ट्री से निकला दुर्गंध भरा गंदा पानी सड़क पर फेंकने से राहगीरों को हुई परेशानी

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट महताब अहमद

**मंडावर।** किरतपुर मार्ग पर एक फैक्टरी द्वारा सड़क किनारे गंदा पानी डाला जा रहा है। जिससे उठती दुर्गंध से राहगीरों ब आसपास के ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो गया है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से फेक्ट्री स्वामी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।मंडावर किरतपुर मार्ग पर दोनो क्षेत्र की सीमा पर किरतपुर क्षेत्र में एमएस केजीएन फूड्स फेजाबाद किरतपुर नाम से फेक्ट्री का संचालन किया जा रहा है।

जिसका केमिकल युक्त गंदा पानी मंडावर किरतपुर मार्ग पर सड़क किनारे डाला जा रहा है। जिससे उठती दुर्गंध के चलते क्षेत्र के ग्रामीणों को आने जाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि इस केमिकल युक्त गंदे पानी से बीमारी फैलने का खतरा भी उत्पन हो रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों का आरोप है कि फेक्ट्री के बाहर सड़क किनारे जाल लगाकर उसने दर्जनों गेस सिलेंडर भर रक्खे हैं। जो हादसे का कारण बन सकते हैं। सड़क किनारे पानी भरने से सड़क भी टूट सकती है। लेकिन संबंधित अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने सड़क किनारे डाला जा रहा केमिकल युक्त पानी बंद करवाने के साथ संबंधित अधिकारियों से फेक्ट्री स्वामी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

## अकबरपुर–इटौरा के तालाब में संदिग्ध अवस्था में मिला युवती के शव को लेकर कलेक्ट्रेट में पीड़ितों ने काटा बवाल और धरना प्रदर्शन किया

- घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

लोक तंत्र की आवाज



**उरई (जालौन)।** विगत दिनों आटा थाना के ग्राम अकबरपुर–इटौरा के तालाब में संदिग्ध अवस्था मिला युवती के शव के मामले को लेकर भीम आर्मी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शन करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच के साथ ही घटना में शामिल दोषी लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाये जाने की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन भेंट किया।

भीम आर्मी नेता कुलदीप कुलकर्णी एवं कमलेश सागर,भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष अखंडप्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष अभिषेक चौधरी, जिलाध्यक्ष नीरज गौतम सहित दर्जनों लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भेंट करते हुए मांग उठाई है कि मृतका रिंकी भास्कर पुत्री मतोले निवासी ग्राम अकबरपुर इटौरा थाना आटा की घटना में जो आरोपियों को थाने लाकर पुलिस ने बंद किया था उनको किस आधार पर छोड़ा गया उन्हें पुनः गिरफ्तार किया जाये। पीड़ित परिजनों की मांग है कि उक्त घटना संलिप्त मुख्य आरोपी शिवम तोमर पुत्र शंकर तोमर, अमन कुशवाहा पुत्र मूलचंद्र कुशवाहा, अजय ठाकुर पुत्र अज्ञात, प्राची पुत्री प्रहलाद कुशवाहा, दीपक ओम पुत्र अज्ञात को गिरफ्तार कर घटना की गुत्थी को सुलझाया जाये।इसके साथ ही इस मामले की विवेचना अन्य सक्षम अधिकारी द्वारा करवाये जाने के साथ ही मजिस्ट्रेट जांच करायी जाये तथा मृतका के परिजनों को 25 लाख रुपये की सरकारी आर्थिक मदद की जाये।

## उरई कोच सड़क पर तेज रफ्तार पिकअप ने डेढ़ दर्जन भेड़ों को रौंदा

लोकतंत्र की आवाज



**उरई जालौन।** ऐट थाना क्षेत्र अंतर्गत उरई कोच रोड पर तेज रफ्तार पिकअप गाडी ने रोड किनारे जा रही डेढ़ दर्जन भेड़ों को मारी जोरदार टक्कर जिसमें लगभग दर्जन भर से अधिक भेड़ों की मौके पर मौत हो गई और आधा दर्जन भेड़े हुई घायल। आज सुबह-सुबह किसान अपनी भेड़ों को लेकर चराने जा रहा था तभी उरई की ओर से जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने पनियरा के पास भेड़ों को रौंधते हुए निकल गई जिसमे एक दर्जन भेड़ों की मौके पर मौत हो गई और आधा दर्जन भेड़े घायल हो गई पिकअप को राहगीरों ने रोकने की कोशिश की लेकिन पिकअप चालक ने गाड़ी नहीं रोकी मौके से फरार हो गया

प्राप्त जानकारी के अनुसार उरई से कोच की ओर जा रही पिकअप ने भेड़ों को टक्कर मारते हुए पिकअप चालक पिकअप लेकर हुआ फरार जालौन के एट थाना क्षेत्र अंतर्गत कोंच रोड पर हरदोई गुर्जर के पास तेज रफ्तार पिकअप ने लगभग डेढ़ दर्जन भेड़ों को कुचल डाला जिसमे दर्जन भर भेड़ों की मौके पर हुई मौत मौत की घटना की जानकारी लगते ही राहगीरों मे मचा हड़कंप और आस पास के लोगो को जानकारी दी लेकिन पिकअप चालक गाड़ी लेकर रफूचक्कर हो गया । जिसकी जानकारी भेड़ मालिक ने पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर घटना स्थल पर पहुंचे तो लगभग डेढ़ दर्जन भेड़े घायल अवस्था मे पड़ी मिली जिसमें घटना की जानकारी कर मामले की पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी।

## जालौन: कालपी में 4 वृद्धा आश्रमों के न मिलने पर प्रशासन ने की कार्यवाही

लोक तंत्र की आवाज

- एसडीएम, ईओ, समाज कल्याण तथा राजस्व कर्मचारियों ने चलाया सत्यापन अभियान

**कालपी, जालौन।** शासन के निर्देशानुसार शासन द्वारा संचालित होने वाले वृद्धा आश्रमों की हकीकत को जानने के लिए उच्च अधिकारियों की टीम ने सयुक्त रूप से अभियान चलाया । मंगलवार को उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में ईओ, समाज कल्याण तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने नगर घूम-घूमकर पंजीकृत वृद्धा आश्रमों का सत्यापन किया। लेकिन सत्यापन के दौरान एक भी वृद्धा आश्रम धरातल पर दिखाई नहीं दिये। जिसमे तहसील प्रशासन द्वारा कागजों पर चल रहे फर्जी बाड़ा करके वृद्धा आश्रम चलाने वालों पर चलाया कानूनी हंटर ऑर फर्जी बाड़ा करने बालों पर हो सकती बड़ी कार्रवाई ।

ज्ञात हो कि कालपी नगर में तीन तथा निकटवर्ती ग्राम काशीरामपुर में एक वृद्धा आश्रम पंजीकृत है। जिला प्रशासन के द्वारा गठित टीम बनाई गई जिसमे कालपी उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा लेखपाल जितेंद्र सिंह की संयुक्त टीम के द्वारा कालपी नगर के मोहल्ला कागजीपुरा, हरीगंज आलमपुर में वृद्धा आश्रम सत्यापन की कार्रवाई की गई, लेकिन एक भी वृद्धा आश्रम मौके पर मौजूद नहीं मिला। इसी प्रकार निकटवर्ती ग्राम काशीरामपुर (राठ रोड) स्थित वृद्धा आश्रम धरातल में कहीं नहीं पाया गया। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि सत्यापन के दौरान चारों वृद्धा आश्रम मौके पर नहीं मिलने पर संयुक्त टीम ने जांच रिपोर्ट तैयार करके जिला प्रशासन को भेजी जा रही है, आगे की कार्रवाई उच्च स्तर से होगी। दिलचस्प बात यह है कि कागज में वृद्धा आश्रम दर्शाकर सरकारी बजट का बंदर वाट किया जा रहा है। जिसमे प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाती है तो वृद्धा आश्रम संचालकों खिलाफ जल्द ही कार्रवाई हो सकती है।

## बिजनौर से प्रयागराज महाकुंभ के लिए रोडवेज की पहली बस सेवा शुरूहुई

लोकतंत्र की आवाज़



रिपोर्ट राजेंद्र चौहान

**बिजनौर।** रोडवेज बस स्टैंड से आज से प्रयागराज महाकुंभ के लिए रोडवेज बस सेवा आज जिला परिषद अध्यक्ष साकेंद्र चौधरी व रोड़वेज सहायक क्षेत्र प्रबंधक राकेश कुमार ने सीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया प्रीति सवारी किराया 946–रुपय निर्धारित किया गया है वहीं अगर कोई प्रतिनिधि पूरी बस को बुक करता है तो 50 सवारीयो में दो सवारियों को कुम्भ मेले तक फिरी ले जाया जाएगा।

वहीं यात्रीयो की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बस में दो चालकों की ड्यूटी लगाई गई है यह बस सेवा महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी जिससे उन्हें प्रयागराज पहुंचने में किसी प्रकार की अशुद्ध का सामना नहीं करना पड़ेगा वहीं 24–तारीख से प्रतिदिन 10 गाड़ियां संचालित की मौत जाएगी जो हर घंटे बाद प्रयागराज महाकुंभ तक जाएंगे सुबह 7:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक चलेंगे यह बस सेवा फरवरी 5 तारीख तक चलेंगे। वही इस बस को हरि झंडी दिखाकर बिजनौर के जिला परिषद अध्यक्ष साकेन्द चौधरी ने सनातनी भक्तों से कहा जो मां गंगा का आशिर्वाद लेना चाहते हैं वो लोग ज्यादा से ज्यादा महाकुंभ जाकर मां गंगा का आशीर्वाद ले।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल का एकमा में स्वागत

लोकतंत्र की आवाज



- सड़क मार्ग से सीवान जाने के क्रम में एकमा में किया जोरदार स्वागत

**एकमा (सारण)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार जायसवाल व सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल का सड़क मार्ग से सिवान जाने के दौरान मुख्य सड़क पर एकमा स्थित परसागढ़ मोड़ पर कार्यकर्ताओं ने ढोल–नगाड़ों के साथ भव्य व जोरदार स्वागत किया गया। एकमा विधानसभा के वरिष्ठ नेता ब्रजेश सिंह रमन के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल–मालाओं से सम्मानित कर उनके प्रति अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया।

स्वागत करने वालों में छपरा पश्चिमी भाजपा के जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्र नाथ सिंह, नगर अध्यक्ष श्रीप्रकाश, एकमा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह, मंजीत कुमार, मुकेश कुमार सिंह, रूपेश सिंह, त्रिभुवन दुबे, भोला जी, चितरंजन सिंह, पप्पू सिंह, योगेश तिवारी, आदित्य दुबे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने व जनता के साथ संवाद बढ़ाने पर जोर दिया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। वहीं सांसद श्री सिग्रीवाल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का यह दौरा पार्टी के लिए प्रेरणादायक है और इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को आगामी कार्यक्रमों में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अपना सहयोग देने का वादा किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को उनके प्रति समर्थन व स्नेह जताने के लिए आभार व्यक्त किया।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।